हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## जिले में 446 मिमी. बारिश

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में अब तक कुल 446 मिमी. बारिश हो चुकी है जो औसत वर्षा 440 से अधिक है। पिछले साल अंतिम जुलाई तक बारिश का आंकड़ा 566.8 मिमी. तक पहुंचा था। इसके अलावा 16 जिले भी सामान्य श्रेणी में आ चुके हैं। प्रदेश में अब तक बादल 506 मिमी. तक बरस चुके हैं।

## चौबीस घंटे की वर्षा

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में भाटापारा में 180, सिमगा में 165, लवन में 91, कसडोल में 74, सुहेला में 70, वाड्रफनगर में 80 मिमी. तथा कुछ अन्य शहरों में 70 से 50 मिमी. तक बारिश हुई। रायपुर में वर्षा का आंकड़ा 33 मिमी. तक पहुंचा।



# नौ घंटे की अनवरत बारिश से प्रभावित हुआ जनजीवन, नए तेवर के साथ लौटा पुराना सिस्टम

- बलौदाबाजार में सर्वाधिक 180 मिमी., पांच जिलों में 20 फीसदी से ज्यादा वर्षा

हरभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लगातार नौ घंटे की बारिश से राजधानी का जनजीवन शुक्रवार को प्रभावित हो गया। बारिश से भले ही बस्तियां जलमग्न नहीं हुईं, मगर कई सड़कों पर पानी भर गया। प्रदेश को पिछले दिनों ▶▶|शेष पेज 11 पर



### सरगुजा में साठ फीसदी संकट

हमेशा की तरह इस बार भी बारिश के प्रारंभिक दिनों में सरगुजा वर्षा संकट से जूझ रहा है। यहां अब तक 547 मिमी. की तुलना में 217 मिमी. बारिश हुई है। इसके अलावा दस अन्य जिलों में थोड़ी कमी बनी हुई है। आने वाले दिनों में बारिश की दौर जारी रहने से कई जिलों के संकट से उबरने की संभावना है।

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप

### हत्या की कोशिश का फरार आरोपी गिरफ्तार



रायपुर। देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने हत्या की कोशिश करने के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। हर्ष तांडी पर चाकू तथा अन्य धारदार हथियार से हमला करने के आरोप में हेमंत सिक्का उर्फ टिक्कू को गिरफ्तार किया है। हेमंत ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर आठ जुलाई को हमला किया था। घटना में शामिल जमाल काजी तथा सुनील सोनी को पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार कर लिया है।

### कार की चपेट में आने से एक बच्ची सहित पांच घायल

# युवती को इंप्रेस करने युवक ने दौड़ा दी कार पांच चपेट में आए, पिता-पुत्र का पैर टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोतवाली खाना क्षेत्र में शराब के नशे में धुत्त एक युवक ने युवती को इंप्रेस करने के चक्कर में तेज रफ्तार कार चलाते हुए पांच लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। कार की चपेट में आए एक पिता-पुत्र का पैर टूट गया तथा एक दंपति को भी गंभीर चोटें आई है। कार की चपेट में आने से घायल पिता-पुत्र के साथ स्कूटर पर जा रही एक बच्ची को भी मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है, आरोपी पेशे से जमीन खरीद-बिक्री करने कमीशन एजेंट का काम करता है।

पुलिस के मुताबिक माना निवासी रोहन नाग को लापरवाही पूर्वक कार चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। रोहन के खिलाफ पुलिस ने 281 तथा 125 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार रोहन के खिलाफ गैर जमानतीय गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया जाएगा। इसके लिए ▶▶|शेष पेज 11 पर



### युवती के मित्र को कुचलने की कोशिश

बताया जा रहा है, युवती के पुराने ब्वाय फ्रेंड के आवाज देने के बाद भी रोहन ने कार नहीं रोकी, तो वह कार के सामने आ गया। इसके बाद भी रोहन ने कार नहीं रोकी और युवती के पुराने ब्वाय फ्रेंड को ठोकर मार दी। कार ▶▶|शेष पेज 11 पर

### कार चालक पुलिस लाइन से लेकर बूढ़ापारा तक बगैर रोके कार दौड़ा रहा था







### पीछा कर बूढ़ापारा के पास कार को लोगों ने रोका

तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से पांच लोगों के चोटिल होने की घटना के बाद लोगों ने कार का पीछा करते हुए कार चालक को रुकने के लिए आवाज लगाई। कार चालक रोहन ने इस बात की अनदेखी करते हुए कार को कालीबाड़ी के रास्ते पुरानी बस्ती जाने के मार्ग पर मोड़ दिया। कार चालक का पीछा करते हुए बूढ़ापारा के पास कार को लोगों ने रोक लिया, तब तक मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और कार चालक को गिरफ्तार करके अपने साथ थाने लेकर पहुंची।

### तेज रफ्तार कार चलाने की एक वजह यह भी

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक रोहन के साथ कार में सवार युवती को उसके पुराने ब्वाय फ्रेंड ने पुलिस लाइन के पास देख लिया। पुराने ब्वाय फ्रेंड ने युवती को आवाज देकर कार रुकवाने की कोशिश की। युवती ने रोहन के कार नहीं रोकने के साथ रफ्तार ▶▶|शेष पेज 11 पर

# आवक बढ़ी, कीमत घटी, थोक में टमाटर 30 और चिल्हर में 50 रुपए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- लगातार बारिश के बाद तीन दिनों में कीमत हुई आधी

प्रदेश के साथ देशभर के कई राज्यों में हो रही झमाझम बारिश के कारण टमाटर की लगातार बढ़ती कीमत पर भी पानी फिर गया है। जो टमाटर तीन दिन पहले सौ रुपए में बिक रहा था, उसकी कीमत कम होते-होते अब आधी गई है। आने वाले समय में कीमत और कम होगी। इस समय थोक में टमाटर 25 से 30 और चिल्हर में 50 रुपए बिक रहा है। इसका कारण एक तो आवक का ज्यादा होना है। इसी के साथ बारिश के कारण टमाटरों के खराब होने का भी खतरा है। कर्नाटक से जो टमाटर पहले 13 से 14 रुपए क्रेट में आ रहा ▶▶|शेष पेज 11 पर

### अब थोक में कीमत आधी

टमाटर की कीमत सौ रुपए कुछ ही दिन रही। इधर रविवार से सावन के आते ही झमाझम बारिश हो रही है। इसके बाद से कीमत लगातार कम होती जा रही है। पहले कीमत 100 से 80 रुपए हुई। इसके बाद 60 रुपए और अब अच्छा टमाटर चिल्हर में 50 रुपए किलो हो गया है। जहां तक थोक का सवाल है तो जो टमाटर पहले 60 से 65 रुपए था, वह अब 30 से 32 रुपए किलो हो गया है।

### 20 का टमाटर हो गया था 100

लोकल फसल के चलते अप्रैल में टमाटर की कीमत 20 रुपए थी। लोकल फसल का आना बंद हुआ और बाहर से माल आने लगा तो कीमत के बढ़ने का क्रम प्रारंभ हो गया। प्रारंभ में कीमत ज्यादा नहीं रही लेकिन मई और जून में कीमत डबल होकर 40 रुपए हो गई। इसके बाद जुलाई से कीमत तेजी से बढ़ने लगी। बीते समाप्त कीमत ने ऐसा भाव खाया कि कीमत चिल्हर में सौ रुपए हो गई। एक ही दिन में कीमत 40 रुपए तक बढ़ी। पिछले बुधवार को चिल्हर बाजार में कीमत 50 से 60 रुपए थी, लेकिन अचानक एक ही दिन में कीमत 90 से 100 रुपए हो गई। इसके पीछे का कारण थोक कारोबारी यह बताते हैं कि मंगलवार को कर्नाटक से जो माल आया था, इसकी कीमत 11 सौ रुपए क्रेट थी, लेकिन बुधवार को जो माल आया वह 13 सौ रुपए क्रेट में आया। ऐसे थोक में ही कीमत करीब 20 रुपए किलो तक बढ़ गई तो चिल्हर में यह 100 रुपए तक पहुंच गया।

### आवक ज्यादा होने से घटे दाम

टमाटर की आवक अब ज्यादा हो रही है। पहले रोज 10 ट्रक माल आ रहा था, अब 15 ट्रक आ रहा है। ऐसे में कीमत अब आधी हो गई है। आने वाले समय में कीमत के और कम होने की संभावना है।
- टी. श्रीनिवास रेड्डी, अध्यक्ष, थोक सब्जी एसोसिएशन डूमरतराई



# कांग्रेस ने लगाया सुपोषण अभियान बंद करने का आरोप मंत्री बोलीं- जिला में डिमांड के आधार पर चलाया जा रहा

## मौसमी बीमारियों से हुई मौत पर सदन में हंगामा कांग्रेस का बहिर्गमन

विधानसभा में कांग्रेस ने साय सरकार पर मानसून के दौरान समुचित स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया। प्रदेश में मलेरिया, डायरिया और डेंगू के मरीजों को अस्पतालों में इलाज नहीं मिल पा रहा है। अस्पतालों में न दवाई है और न ही बेड की व्यवस्था है। सरकार पर विफलता का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने सदन से बहिर्गमन किया। भारतीय जनता पार्टी के विधायक मोतीलाल साहू ने ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से राज्य में मलेरिया और डायरिया से लोगों की मौत का मुद्दा उठाया और सरकार से जवाब मांगा। कांग्रेस सदस्यों ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि राज्य में जलजनित और वेक्टर जनित बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। अपने जवाब में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा, यह कहना सही नहीं है कि राज्य में मानसून आते ही स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने कहा, सरकार डायरिया और मलेरिया की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशीलता से काम कर रही है। मलेरिया और डायरिया की रोकथाम के लिए 27 फरवरी और 7 जून को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए थे और अंतर-विभागीय समन्वय करके एक कार्ययोजना तैयार की गई है।

## पूर्व विधायक के निधन की सूचना विलंब से मिलने पर विधानसभा अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

छत्तीसगढ़ विधानसभा में शुक्रवार को सदन की कार्रवाई की शुरुआत दिवंगत पूर्व विधायक विजय सिंह को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। विजय सिंह का निधन 17 जुलाई को हो गया था, जबकि सदन की बैठक 22 जुलाई से शुरू हुई थी। दिवंगत विधायक विजय सिंह मनेंद्रगढ़ विधानसभा से 1980 से 90 तक



मध्य प्रदेश विधानसभा के कांग्रेस सदस्य रहे। विजय सिंह ने पंच से राजनीतिक कैरियर की शुरुआत की और फिर सरपंच बने। बाद में जनपद अध्यक्ष निर्वाचित हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सांसदों और विधायकों के निधन की सूचना समय पर विधानसभा सचिवालय को ना भेजे जाने को लेकर नाराजगी जाहिर की है। समय पर सूचना प्रेषित करने करने लिए विधानसभा अध्यक्ष ने निर्देशित किया। छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्रवाई शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने मनेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता विजय सिंह के निधन की सूचना दी। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री और सदस्यों ने भी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने इस प्रशासनिक त्रुटि का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विजय सिंह का निधन 17 जुलाई को हुआ था। सत्र के अंतिम दिन सूचना मिलना यह गंभीर त्रुटि है। वहीं नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने भी इसे गंभीर चूक माना है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से इसे लेकर निर्देश देने का अनुरोध भी किया।

## मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने किया बहिर्गमन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

विधानसभा में सुपोषण अभियान को लेकर कांग्रेस विधायक अनिला भेंडिया ने गर्भवती महिलाओं को गर्म भोजन शुरू करने की मांग की। उन्होंने पूछा कि गर्भवती महिलाओं को क्या आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्म भोजन दिया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्म भोजन दिया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू किए गए सुपोषण अभियान को बंद करने का आरोप लगाते हुए मंत्री को सदन में घेरा। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। प्रश्नकाल में अनिला भेंडिया ने कहा, 90 विधानसभा में कहीं भी भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। हमारे मुख्यमंत्री ने इसके लिए 160 करोड़ का प्रावधान रखा था, लेकिन अब सिर्फ 25 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं। इस पर टोकते हुए अजय चंद्राकर ने कहा, आपके मुख्यमंत्री कौन हैं, ये बताइए। इस पर भेंडिया ने कहा हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं। योजना को बंद कर दिया गया है। कांग्रेस की विधायक संगीता सिन्हा ने भी योजना बंद करने का आरोप लगाया। मंत्री ने कहा, योजना बंद नहीं की गई है। जिलों में जहां-जहां से डिमांड है, वहां डीएमएफ, सीआरएस और जनसहयोग से इसे चलाया जा रहा है।



**मंत्री का दावा 6 माह में कम हुआ कुपोषण**

मंत्री ने दावा किया कि 6 महीने में ही राज्य में कुपोषण की दर में कमी आई है। 6 महीने में 12 प्रतिशत कुपोषण दर घटी है। उन्होंने कहा, यहां अधिकारी बैठे हैं आप पूछ सकती हैं। कांग्रेस विधायक ने कहा, ये हमारी सरकार की उपलब्धि है। आपकी सरकार ने तो बच्चों को भी गर्म भोजन बंद कर दिया है। अभी तक न तो वजन त्योहार हुआ है और न ही कोई सर्वे, फिर कैसे कुपोषण में कमी का दावा किया जा रहा है। उन्होंने मंत्री पर गलत जवाब देने का आरोप लगाया।



**महंत की मंत्री को सलाह :** नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा, लक्ष्मी राजवाड़े अभी अभी विधायक बनी हैं, जबकि अनिला भेंडिया पूर्व मंत्री और चार बार की विधायक हैं। उन्हें सलाह है कि वरिष्ठ विधायक के प्रति सम्मान और पूर्व पद के नाम के साथ बात करें। लक्ष्मी राजवाड़े ने अनिला भेंडिया को चार बार विधायक कहा, इसकी मुझे तकलीफ है।

**विभाग दे रहा गलत जानकारी- भूपेश**

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने अधिकारियों से पूछने के मंत्री के बयान पर अपत्ति की, कहा, सदन चल रहा है हम मंत्री से जवाब लेंगे। उन्होंने कहा, इस योजना के बजट में कटौती कर दी गई है।

## लखमा ने सरकार पर नक्सलियों को चावल पहुंचाने का लगाया आरोप

विधानसभा के मानसून सत्र में कांग्रेस विधायक कवासी लखमा ने साय सरकार पर नक्सलियों को चावल पहुंचाने के मकसद से राशन दुकान की शिफ्टिंग का आरोप लगाया। इस आरोप के बाद कवासी लखमा के सवाल को लेकर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखी नोक झोंक हुई। प्रश्नकाल में कवासी लखमा ने कहा, जब से साय सरकार बनी है, तब से राशन दुकानों में गड़बड़ी हो रही है। पीडीएस के चावल में कटौती की गई है, गुड़ चना नहीं मिल रहा है। यहां तक कि नक्सलियों को चावल देने नक्सली एरिया में राशन दुकानों को शिफ्ट किया गया है। उन्होंने पूछा कि सुकमा में पीडीएस सिस्टम की कितनी दुकान हैं और कितने केंद्र संचालित हैं। कितने खाद्यान्न गोदाम हैं। भवन विहीन कितने केंद्र हैं। कुछ जगह में दुकान किराए पर चल रही है और उसका किराया कितना है। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने बताया कि सुकमा में कुल 191 दुकान हैं, 175 भवन हैं, 16 दुकान किराये पर चल रही हैं, 8 भवन अपूर्ण हैं, 8 भवन पूरे हो चुके हैं। वहीं किराए की दुकान का उल्लेख करते हुए बताया कि किसी दुकान का किराया 400 रुपए प्रति महीना, तो किसी का 4000 रुपए प्रति महीना है। अलग-अलग जगह पर अलग-अलग किराया है।



### पीडीएस दुकान की शिफ्टिंग का लगाया आरोप

इसके बाद कवासी लखमा ने पीडीएस दुकान की शिफ्टिंग का आरोप लगा दिया। उन्होंने पूछा कि सुकमा जिला में कलेक्टर को शिकायत मिलने के बाद कितने दुकान की शिफ्टिंग हुई है। मंत्री ने कहा की ऐसी कोई शिकायत नहीं प्राप्त हुई है। लखमा ने कहा, जैसे ही सवाल लगाया गया, तो चिंतलनार की दुकान को नक्सलाइट एरिया पोखरा में ले गए। ढाबाकुंटा की दुकान को रामाराम, गगनपल्ली की दुकान को एर्राबोर ले गए। वहीं जगरगुंडा की राशन दुकान को तर्रागुढ़ा में शिफ्ट कर दिया गया है। ये सभी नक्सल प्रभावित क्षेत्र हैं और यहां पर आने जाने का मार्ग नहीं है। उन्होंने कहा, कई दुकानों की शिफ्टिंग हुई है, क्या इस पर आप कार्रवाई करेंगे। मंत्री ने कहा, जो भी तथ्य है, आप लिखकर दे दीजिए, दिखवा लिया जाएगा। उसके बाद कवासी लखमा ने लोगों को चावल और गुड़ नहीं मिलने का आरोप लगा दिया।

**अध्यक्ष ने कहा- अपने दस्तखत करके दे दीजिए :** कवासी लखमा ने साय सरकार पर आरोप लगाया और कहा, विष्णुदेव कि सरकार बनने के बाद लगातार चावल की कटौती की जा रही है, हेरा फेरी हो रही है। चना और गुड नहीं पहुंच रहा है। रोड की समिति को गांव में अधिकारी ले जा रहे हैं।

## बारूद फैक्ट्री विस्फोट पर मंत्री ने कहा
### कई अनियमितताएं पाई गईं इसलिए लाइसेंस निरस्त

*विधानसभा में बेमेतरा जिले के पिरदा बारूद फैक्ट्री में विस्फोट पर कांग्रेस ने फैक्ट्री में सुरक्षा मापदंडों का पालन नहीं होने पर सवाल उठाया। कांग्रेस ने फैक्ट्री के स्वामी और प्रबंधन को बचाने का आरोप लगाया। वहीं कहा, फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने के कारण इतनी बड़ी दुर्घटना हुई। मृतकों की संख्या को भी छिपाया जा रहा है। मामले में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने बहिर्गमन किया।*



मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेसी विधायकों ने किया बहिर्गमन



*विधानसभा में कांग्रेस विधायक राघवेन्द्र सिंह और शेषराज हरबंश ने ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से पूछा कि क्या वहां पर सुरक्षा के पूरे इंतजाम थे। वहां बनाए जाने वाले विस्फोटकों के संदर्भ में भी जानकारी मांगी। अनुमति प्राप्त मात्रा से अधिक विस्फोटकों का निर्माण और भंडारण किया जाता था। उन्होंने मृतकों के परिजनों को मुआवजा देकर अपराध से मुक्ति पा ली, इस तरह का काम सरकार के दबाव में किया जा रहा है। उत्तरदायी व्यक्तियों को संरक्षण दिया जा रहा है। मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि लगातार फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया है। पाई गई कमियों को दूर करने के निर्देश भी दिए गए थे। समय-समय पर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने भी कहा गया था। फैक्ट्री में हुई दुर्घटना की जांच की गई है, जिसके बाद सभी विनिर्माण प्रक्रिया को रोकने के लिए आदेश जारी किया गया था, जो अब भी प्रभावशील है। प्रबंधन के खिलाफ अपराधिक प्रकरण भी दर्ज है। मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि 1991 से फैक्ट्री संचालित है। श्रमिक लंबे समय से काम कम रहे थे, उन्हें सभी जानकारी थी। मामले में दंडाधिकारी जांच भी की जा रही है। फैक्ट्री में कई अनियमितताएं पाई गई हैं, इसलिए लाइसेंस निरस्त किया गया है। नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। सरकार श्रमिकों के साथ है, फैक्ट्री प्रबंधन ने 35 लाख और सरकार ने 5 लाख की सहायता उपलब्ध कराई है। सरकार किसी का बचाव नहीं कर रही है।*

## छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक पारित पान-गुटखा निर्माताओं को मशीनों का कराना होगा पंजीयन

विधानसभा में वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी ने आज छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक 2024 प्रस्तुत किया। सदन में चर्चा के बाद विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। वित्त मंत्री ने कहा, जीएसटी लागू होने से पंजीकृत व्यवसायियों की संख्या में 50 लाख से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। जीएसटी में विभिन्न करों को शामिल किया गया है।



जीएसटी परिषद की अनुशंसा के आधार पर केंद्र सरकार द्वारा आवश्यक संशोधन किया जा चुका है, जिसके अनुसरण में राज्य शासन द्वारा भी संशोधन किया गया है, जिसके अंतर्गत हेड ऑफिस द्वारा इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर के माध्यम से ही इनपुट टैक्स क्रेडिट का वितरण अपने ब्रांच ऑफिस को किया जाएगा तथा तंबाकू उत्पादन निर्माताओं द्वारा मशीन का पंजीयन नहीं कराने पर 1 लाख के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। समय-समय पर आवश्यकता अनुसार जीएसटी परिषद् द्वारा जीएसटी अधिनियम में संशोधनों का निर्णय लिया जाता है, ताकि व्यापार सुगम हो एवं कर राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। जीएसटी संशोधन विधेयक 2024 के संबंध में विधायक उमेश पटेल, राघवेन्द्र सिंह ने चर्चा में हिस्सा लिया। चर्चा के बाद विधेयक को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**पान मसाला, गुटखा के निर्माण की मशीनों का पंजीयन अनिवार्य :** इसी तारतम्य में जीएसटी काउंसिल द्वारा इनपुट सर्विस ड्रिस्टीब्यूटर के संबंध में आगत कर प्रत्यय लिये जाने के प्रावधान को युक्तियुक्त बनाने एवं पान मसाला, गुटखा इत्यादि के विनिर्माण में लगने वाले मशीनों के रजिस्ट्रीकरण के लिए, अधिनियम में कतिपय संशोधन का निर्णय लिया गया था।

## विधानसभा के मानसून सत्र का समापन 31 घंटे से अधिक विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

विधानसभा के मानसून सत्र का शुक्रवार को समापन हो गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने समापन पर सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा, पांच दिन के सत्र में सभी सदस्यों ने छत्तीसगढ़ के विकास से संबधित विषयों पर 31.50 घंटे सार्थक और सरगर्भित चर्चा की। उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि संसदीय विषयों पर अभिरुचि की यह निरंतरता सदैव बनाए रखें। उन्होंने कहा कि विधानसभा का अगला सत्र दिसंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में आहूत किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सत्र में कुल पांच बैठको में 27 प्रश्न पूछे गए, जिनके उत्तर शासन द्वारा दिए गए। सत्र के लिए 492 तारांकित और 474 अतारांकित प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं। प्रति बैठक प्रश्नों का औसत 193 प्रश्न रहा। यह छत्तीसगढ़ विधानसभा के इतिहास में सर्वाधिक है, यह सदस्यों के अपने क्षेत्र के प्रति दायित्व निर्वहन एवं जागरूकता को दर्शाता है। सदस्यों ने 96 प्रतिशत सवाल ऑनलाइन लगाए। सत्र के दौरान ध्यानाकर्षण की 367 सूचनाएं मिलीं, जिनमें से 142 सूचनाएं ग्राह्य और 52 शून्यकाल में परिवर्तित की गईं। सत्र के दौरान 137 स्थगन की सूचनाएं प्राप्त हुईं। शून्यकाल के लिए 70 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 29 सूचनाएं ग्राह्य हुईं। सदस्यों से 232 याचिकाएं मिलीं, जिसमें से 74 ग्राह्य, 49 अग्राह्य, 30 व्यपगत एवं 109 विचाराधीन रहीं। सत्र में विनियोग सहित तीन विधेयकों की सूचनाएं मिलीं, जिन्हें चर्चा के बाद पारित किया गया।

## खबर संक्षेप

### पं.श्यामाचरण शुक्ल के नाम से वार्ड का नाम ना रखना दुर्भाग्यपूर्ण : शुक्ल

**रायपुर।** वार्ड परिसीमन में पं. श्यामाचरण शुक्ल के नाम से वार्ड का नाम ना रखे जाने से पूर्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दुख और अफसोस की बात है कि मैने



यह अपेक्षा भाजपा सरकार से नहीं किया था कि महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित श्यामाचरण शुक्ल जिसको अंग्रेज हुकुमत ने देखते ही गोली मारने का आदेश दिया था, जो मध्यप्रदेश के तीन-तीन बार मुख्यमंत्री रहे, ऐसे व्यक्ति का नाम वार्ड के नाम पर ना रखना भाजपा सरकार की बड़ी ही शर्मनाक हरकत है। श्री शुक्ल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जो भी सिंचाई की योजना है जिसके कारण यहां के किसान खुशहाली की जिंदगी जी रहे है वह पं. श्यामाचरण शुक्ल जी की देन है। गर्मी के दिनों में रायपुर वासियों की प्यास बुझाने वाले महान स्वंतत्रता सेनानी का नाम वार्ड के नाम पर ना रखना बड़ी ही निराशाजनक बात है।

## चार केंद्रीय मंत्री आज प्रदेश के हर वर्ग को बताएंगे बजट की खूबियां

### केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया रायपुर के कार्यक्रम में होंगे शामिल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

केंद्र की एनडीए सरकार के बजट को लेकर केंद्र के चार मंत्रियों का एक साथ एक ही दिन शनिवार को छत्तीसगढ़ को दौरा हो रहा है। केंद्रीय मंत्री प्रदेश के हर वर्ग को बजट की खूबियां बताएंगे। इसके लिए प्रदेश के चार संभागों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। राजधानी रायपुर में केंद्रीय श्रम, रोजगार, युवा कार्य एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया रहेंगे। रायपुर में वे बुद्धिजीवी वर्ग के साथ बजट संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी तरह से दुर्ग, बिलासपुर और सरगुजा संभाग में कार्यक्रम रखे गए हैं।

प्रदेश में होने वाले कार्यक्रमों के लिए प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा और मीडिया विभाग के प्रमुख अमित चिमनानी को समन्वयक बनाया गया है। इन्होंने बताया, केंद्रीय बजट के जनहितैषी प्रावधानों की जानकारी सभी तक पहुंचाने देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। छत्तीसगढ़ में होने वाले कार्यक्रमों के लिए चार केंद्रीय मंत्रियों को जिम्मा दिया गया है। केंद्रीय श्रम, रोजगार, युवा कार्य एवं खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया रायपुर, आवास और शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू दुर्ग, महिला बाल विकास मंत्री सावित्री ठाकुर सरगुजा, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्यमंत्री जाधव प्रताप राव बिलासपुर में आयोजित बजट संवाद कार्यक्रमों में



शामिल होंगे। इन कार्यक्रमों में उन सभी वर्गों को आमंत्रित किया गया है, जिनके लिए केंद्र सरकार ने बजट में कुछ न कुछ प्रावधान किया है।

### जिलों में भी होंगे कार्यक्रम

प्रदेश स्तर पर चार संभागों के कार्यक्रम के बाद प्रदेश के 15 जिलों में भी ऐसे ही कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों में प्रदेश के मंत्री, सांसद और विधायक शामिल होंगे और हर वर्ग को बताया जाएगा कि केंद्र सरकार ने उनके लिए क्या-क्या प्रावधान किए हैं।

## मुख्यमंत्री साय, डिप्टी सीएम साव और शर्मा उड़े दिल्ली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा शुक्रवार की रात को इंडिगो के विमान से दिल्ली के लिए उड़े। रात को दिल्ली पहुंचने के बाद छत्तीसगढ़ सदन में रुके हैं। दो दिनों के दौरे में पहले दिन शनिवार को नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन और कुछ और अधिकारी भी गए हैं। इसके बाद दूसरे दिन रविवार को भाजपा की बैठक होगी। इसमें शामिल होने के बाद रात तक वापसी हो जाएगी। विधानसभा सत्र का शुक्रवार को अंतिम दिन था। सत्र की समाप्ति के



बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दोनों डिप्टी सीएम के साथ रायपुर से दिल्ली के लिए उड़े। रात्रि विश्राम छत्तीसगढ़ सदन में करने के बाद दूसरे दिन नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगे। श्री साय ने नीति आयोग की बैठक को लेकर दिल्ली रवाना होने से पहले कहा, बैठक में विकसित छत्तीसगढ़ को लेकर चर्चा होगी। इनको एक नवंबर छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस के दिन जनता के सामने रखने जा रहे हैं।

### कल भाजपा की बैठक में होंगे शामिल

दूसरे दिन मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम भाजपा की बैठक में भी शामिल होंगे। इस बैठक में प्रदेश के बारे में राष्ट्रीय नेताओं को जानकारी देने के साथ निगम, मंडल में नियुक्ति को लेकर भी चर्चा होने की संभावना है। जानकारों का कहना है कि प्रमुख 14 निगम, मंडलों को लेकर एक सूची तय हो गई है। इस पर राष्ट्रीय संगठन की अंतिम मुहर लगना शेष है। इसके बाद सूची जारी कर दी जाएगी। इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर क्या किया जा रहा है, इसकी भी जानकारी राष्ट्रीय संगठन के नेताओं को दी जाएगी। इसके पहले भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय को दिल्ली बुलाया है। दिल्ली में इनकी राष्ट्रीय नेताओं के साथ लगातार चर्चा चल रही है।

## दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए वरिष्ठ कांग्रेसियों को बूथ का जिम्मा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीयो की बैठक ली। आगामी उपचुनाव एवं वार्ड परिसीमन को लेकर चर्चा हुई। राजीव भवन में हुई बैठक में आगामी दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव को लेकर रूपरेखा भी तैयार की गई। विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी बूथों का एक्सरसाइज करने का निर्णय लिया गया। साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी को बूथ की जिम्मेदारी देने का भी निर्णय लिया गया। उपचुनाव में बढ़ते हुए बिजली बिल, अपराध एवं महंगाई को मुद्दा बनाकर पंपलेट के माध्यम से प्रचार प्रसार करने कांग्रेस के पदाधिकारी को निर्देश दिए गए।



इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा हाल ही मे वार्ड परिसीमन का प्रकाशन किया गया, जिसका अवलोकन करके जरूरत के हिसाब से दावा आपत्ति पेश करने की बात भी कही गई। बैठक के पूर्व कारगिल में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। विजय दिवस के अवसर पर 2 मिनट का मौन रखकर वीर जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। साथ ही पूर्व में हुए विधानसभा घेराव के सफल आयोजन के लिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने शहर कांग्रेस कमेटी की सराहना की। बैठक में मुख्य रूप से विकास उपाध्याय मलकीत सिंह गेंदु, गिरीश दुबे, उधो राम वर्मा, कुलदीप जुनेजा, एजाज ढेबर, प्रमोद दुबे, ज्ञानेश शर्मा, नंदलाल देवांगन, महेंद्र छाबड़ा, संजय पाठक, शिव सिंह ठाकुर, विशाल शर्मा, आकाश शर्मा सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं पार्षद इस बैठक में शामिल थे।

**सांसद बृजमोहन के सवाल पर रक्षा राज्य मंत्री ने दी जानकारी**

## प्रदेश में निजी और सरकारी स्कूलों की साझेदारी से खोले जा सकेंगे सैनिक स्कूल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

प्रदेश में भी निजी और सरकारी स्कूलों की साझेदारी से सैनिक स्कूल खोले जा सकेंगे। दरअसल रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में रक्षा मंत्रालय से छत्तीसगढ़ राज्य और विशेष रूप से रायपुर संसदीय क्षेत्र में बालिका सैनिक विद्यालय खोलने की योजना पर सवाल किया। इसके जवाब में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया, रक्षा मंत्रालय देश में गैर सरकारी संगठन, न्यास, निजी, सरकारी स्कूलों के साथ साझेदारी रीति में नए सैनिक स्कूल खोल रहा है। इसकी शुरुवात उत्तरप्रदेश से ही चुकी है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में भी यह प्रयोग हो सकता है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भविष्य की प्रौद्योगिकी और उन्नत सुरक्षा विशेषताओं वाले ई-पासपोर्ट शुरू करने के लिए विदेश मंत्रालय से



उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी। जिस पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि, केंद्र सरकार एम्बेडेड चिप के साथ ई-पासपोर्ट शुरू करने के लिए कदम उठाए हैं। वर्तमान में, भुवनेश्वर और नागपुर स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में ई-पासपोर्ट की परियोजना का परीक्षण चल रहा है। इसके सफलतापूर्वक आरंभ होने और अपेक्षित प्रमाणीकरण के बाद, इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे भारत में शेष क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में शुरू किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ के लिए पांच नर्सिंग कॉलेज

देश में नर्सिंग कर्मियों की संख्या बढ़ाने के लिए, केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य में 5 नर्सिंग कॉलेजों सहित देश में 157 नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना की घोषणा की है। यह जानकारी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शुक्रवार को लोकसभा में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के सवाल के जवाब में दी।






## खबर संक्षेप



### लग्जरी बसों के स्टाप पाइंट बनाने की मांग

**रायपुर।** जगदलपुर मार्ग से रायपुर आने वाले सभी बड़ी लग्जरी बसों को कमल विहार गेट डूमरतराई के आसपास स्टाप पाइंट बनाने की मांग को लेकर जगताहित संगठन छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश कुमार साहू ने विधायक मोतीलाल साहू को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि सभी बड़ी लग्जरी बसे शहर के अंदर लालपुर ओवर बृज के नीचे सवारी उतारने खडे करते जो कि घनी आबादी क्षेत्र है, जिससे आए दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है कुछ दिन पूर्व ही वहीं पर एक व्यक्ति की दुर्घटना में जान चली गई थीं जो परिवार वालों के लिए अपूर्ति क्षति है। जिस पर विधायक ने तत्काल 10 दिन के अंदर समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया है। ज्ञापन देने वालों में रवि यादव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### फेरी वालों ने लिया प्लास्टिक फ्री एरिया बनाने का संकल्प

**रायपुर।** निगम स्वास्थ्य अधिकारी ने शुक्रवार को एनआईटी के पास चौपाटी के सभी फेरी वालों को प्लास्टिक के प्रोडक्ट का उपयोग नहीं करने की समझाईश दी। इस समझाईश के बाद फेरी वालों ने प्लास्टिक फ्री एरिया बनाने का संकल्प लिया। नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर शहर के सभी वार्डो में समाज हित में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक के उपयोग को दैनिक जीवन में कम करने या बंद करने की समझाईश अभियान चलाया जा रहा है।

## निधन

### दीपक कुमार झांझरी



रायपुर। जय लक्ष्मी कांप्लेक्स फाफडीह निवासी दीपक कुमार झांझरी का 26 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 जुलाई को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अशोक एवं विक्की के भ्राता और संकेत, सिद्धार्थ झांझरी के पिता थे।

### जानकी देवी रंगलानी



रायपुर। देवेंद्र नगर निवासी जानकी देवी रंगलानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 जुलाई को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रहलाद, विनोद, किशोर रंगलानी की माता थीं।

### शत्रुघ्न प्रसाद शर्मा



रायपुर। आजाद चौक ब्राह्मण पारा निवासी शत्रुघ्न प्रसाद शर्मा (टेकारी-करही वाले) का 26 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे भारती शर्मा के पति और वरिष्ठ पत्रकार शशांक शर्मा, डा. समीर शर्मा, स्वाति शुक्ला, सोनल तिवारी के पिता थे।

# परिसीमन से कांग्रेस के 38 वार्ड प्रभावित, जाएंगे हाईकोर्ट, भाजपा के भी 8 पार्षद नाखुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम परिसीमन को लेकर शुक्रवार को महापौर एजाज ढेबर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों की बैठक हुई। इस बैठक में परिसीमन होने के बाद जारी किया गया चतुर्दीशा सीमा नक्शा को लेकर पार्षदों ने भारी नाराजगी जताई। बैठक के बाद महापौर ने कहा कि परिसीमन से 38 कांग्रेस पार्षदों के वार्ड प्रभावित हुए हैं। इसके कारण बैठक में परिसीमन के विरोध में हाईकोर्ट जाने का निर्णय लिया है। इधर नेताप्रतिपक्ष मनील चौबे की मौजूदगी में भी भाजपा पार्षदों की बैठक हुई। इस बैठक में भी परिसीमन का खुलकर विरोध नहीं किया गया, लेकिन करीब 8 पार्षदों ने चतुर्दीशा सीमा नक्शा को लेकर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि नक्शा से स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि उनके वार्ड की सीमा कहां तक है। इसके कारण भाजपा दल ने भी निर्णय लिया है कि जिन वार्डों को लेकर पार्षदों ने आपत्ति जताई है, उन्हें लेकर वे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराएंगे। वार्डों के परिसीमन को लेकर शहर की राजनीति गरमाई हुई है। परिसीमन होने के पहले ही कांग्रेस पार्षदों ने इसका विरोध शुरू कर दिया था। महापौर एजाज ढेबर ने परिसीमन होने से पूर्व ही अपने बयान में कहा था अगर वार्डों का परिसीमन नियम के तहत नहीं हुआ, तो वे हाईकोर्ट की शरण में जाएंगे। वार्डों का परिसीमन होने के बाद चतुर्दीशा सीमा नक्शा जारी किया गया है। इस नक्शा का अवलोकन करने के बाद महापौर ने अपने निगम मुख्यालय स्थित कक्ष में कांग्रेस पार्षदों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में सभी पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड के परिसीमन को लेकर चर्चा की। इस चर्चा में यह बात सामने आई है कि परिसीमन से कांग्रेस पार्षदों के 38 वार्ड प्रभावित हुए हैं। इसके बाद बैठक में सर्वसम्मति से परिसीमन के विरोध में हाईकोर्ट जाने का निर्णय लिया गया।

**दोनों दलों की अलग-अलग हुई बैठकों में परिसीमन मुद्दे पर चर्चा कर लिया गया निर्णय**



### भाजपा के सभी पार्षद मौजूद

*इधर नेता प्रतिपक्ष ने भी परिसीमन पर चर्चा करने के लिए अपने दल के पार्षदों की बैठक बुलाई थी। निगम मुख्यालय में अपने चैंबर में उन्होंने यह बैठक ली। बैठक में भाजपा के सभी पार्षद मौजूद थे। चर्चा के दौरान मृत्युंजय दुबे, विनोद अग्रवाल, दीपक जायसवाल, सीमा संतोष साहू, रवि ध्रुव, राजेश ठाकुर, प्रमोद साहू आदि पार्षदों ने भी परिसीमन के नक्शे को लेकर आपत्ति जताई। सभी पार्षदों ने कहा कि नक्शा में उनके वार्ड की सीमा कहां तक है, यह स्पष्ट रूप से समझ में नहीं आ रहा है। वार्ड की सीमा अगर स्पष्ट नहीं होती, तो उन्हें अपने-अपने वार्ड में काम एवं विकास कार्य करने में दिक्कतें आएंगी। पार्षदों की बातें सुनने के बाद बैठक में आपत्ति दर्ज करने वाले पार्षदों के वार्ड की सीमा को लेकर दावा-आपत्ति लगाने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।*

## अमलीडीह क्षेत्र में राशन दुकान में चल रहा था चावल खरीदी का खेल

# वितरण के बाद संचालक ही हितग्राही से खरीद रहा 18-20 रुपए किलो में चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के अमलीडीह में संचालित एक उचित मूल्य की दुकान में चावल खरीदी-बिक्री का खेल चल रहा है। इस दुकान की महिला संचालक हितग्राहियों को चावल देने के बाद उनसे ही औने-पौने दाम पर चावल खरीद रही है। खरीदी-बिक्री के चल रहे इस खेल का एक विडियो सूत्र के माध्यम से हरिभूमि के हाथ लगा है। इस विडियो को लेकर जब दुकान संचालिका से पूछा, तो उसने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। इधर खाद्य विभाग के अधिकारी ने कहा कि राशन दुकानों में सिर्फ हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण किया जाता है। अगर हितग्राही से चावल खरीदा गया है, तो इसकी जांच कराकर दुकान संचालिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

**जांच कर कड़ी कार्रवाई करेंगे**

राशन दुकान में हितग्राही से चावल की खरीदी का विडियो देर शाम को मिला है। इस मामले में जांच कराकर कड़ी कार्रवाई करेंगे।
- **भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर



**पीडीएस चावल की कालाबाजारी का कई बार हो चुका है भंडाफोड़**

*पीडीएस चावल की कालाबाजारी का राज्य के कई जिलों में पूर्व में कई बार भंडाफोड़ हो चुका है। रायपुर में कुछ साल पहले पीडीएस चावल से भरी गाड़ी को पकड़ा गया था, जिसे बेचने के लिए ले जाया जा रहा था।*

### विडियो में स्पष्ट दिख रहा हितग्राही को राशन कार्ड में पैसे रखकर लौटा रही कर्मचारी

*यह विडियो अमलीडीह में शासकीय स्कूल के सामने गार्डन के बगल वाले रोड में स्थित राशन दुकान आईडी-441001115 का है। इस विडियो में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि दुकान में बैठी महिला कर्मचारी एक महिला हितग्राही से रजिस्टर में चावल लेने की एंट्री कराने के बाद उसके कार्ड में बिक्री की रकम रखकर लौटा रही है। इस विडियो में दुकान की संचालिका भी दिखाई दे रही है, जो कर्मचारी के बगल में बैठी हुई है। इससे यह भी स्पष्ट हो रहा है कि संचालिका के निर्देश पर ही दुकान में हितग्राहियों से चावल खरीदी का खेल चल रहा है।*

### 18 से 20 रुपए किलो की दर से खरीदा जा रहा चावल

*सूत्र ने बताया कि राशन दुकान में हितग्राही से 18 से 20 रुपए प्रति किलो की दर से चावल खरीदा जाता है। अमलीडीह राशन दुकान में भी 18 रुपए किलो की दर से हितग्राही से चावल खरीदा गया था। सूत्र यह भी बताते हैं कि इस दुकान के अलावा भी कई दुकानों में इस तरह वितरण चावल की खरीदी का खेल चल रहा है।*

### 30 से 35 रुपए किलो तक बाजार में खपाया जा रहा

*सूत्र के अनुसार हितग्राहियों से खरीदा गया पीडीएस चावल बाजार में 30 से 35 रुपए किलो तक खपाया जाता है। सूत्र से यह भी जानकारी मिली है कि हितग्राहियों से खरीदा गया ज्यादातर चावल राइस और पोहा मिलरों को बेचा जा रहा है। हालांकि यह कारोबार चोरी छिपे किया जाता है, जिसके कारण खाद्य विभाग को भी इसकी भनक नहीं लग पाती है।*

### कल अग्रवाल युवा मंडल की निकलेगी कांवड़ यात्रा

**रायपुर।** सावन महीने में हर वर्ष की तरह इस बार भी अग्रवाल युवा मंडल द्वारा कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया है। युवा मंडल अध्यक्ष राम अग्रवाल ने बताया युवा मंडल लगातार समाज के लिए विभिन्न आयोजन करवा रहा है। इस कड़ी में 28 जुलाई रविवार को कांवर यात्रा निकाली जाएगी। इसमें 500 से अधिक श्रद्धालु शामिल होंगे। प्रसार प्रभारी आयुष मुरारका ने बताया कि यह यात्रा चौबे कॉलोनी स्थित प्राचीन चिंताहरण हनुमान मंदिर से सुबह 7 बजे निकलेगी और अग्रसेन चौक, आमापारा, सुंदर नगर होते हुए महादेव घाट स्थित बाबा हटकेश्वरनाथ मंदिर पहुंचेगी। यहां सभी भक्त बाबा को जल अर्पण करेंगे। यात्रा में भोलेनाथ की निकली झांकी निकालने की भी तैयारी है।

### सतनामी समाज की बैठक कल

**रायपुर।** मिनीमाता स्मृति दिवस व सतनामी प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर सतनामी समाज की बैठक होगी। यह बैठक न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में 28 जुलाई को दोपहर 1 बजे की जाएगी। बैठक में कार्यक्रम को अंतिम रूप देकर प्रमुखजनों को जिम्मेदारी दी जाएगी साथ ही निमंत्रण कार्ड का वितरण कर प्रतिभा सम्मान हेतु अभी तक प्राप्त सभी प्रविष्टियों पर विचार मंथन होगा।

# बैंक के खिलाफ लोन रिकवर करने के नाम पर दबंगाई मारपीट की थाने में शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खम्हारडीह थाना में एक व्यक्ति ने एक निजी बैंक के लोन रिकवर करने वालों के खिलाफ मारपीट तथा धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में शिकायत दर्ज कराने वाले व्यक्ति ने पुलिस को बताया है कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है, बावजूद इसके बैंक प्रबंधन ने जबरन आदमी भेजकर उन पर केस वापस लेने के साथ लोन की रकम जमा करने दबाव बनाया। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच विवाद है। पुलिस के मुताबिक विनोद कुमार मावा ने आईसीआईसीआई बैंक के चार वसूली एजेंट के खिलाफ जबरन घर में घुसकर हंगामा करने तथा उनके साथ बदसलूकी तथा मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। विनोद के खिलाफ बैंक प्रबंधन ने भी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर काउंटर रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के अनुसार विनोद ने बैंक से 80 लाख रुपए का होम लोन लिया है। बैंक प्रबंधन ने उस पर होम लोन नहीं पटाने का आरोप लगाता हुए विनोद के घर रिकवरी एजेंट भेजा। विनोद ने पुलिस को बताया है कि बैंक ने गलत तरीके से इंश्योरेंस कागज तैयार किया है, मामला कोर्ट में विचाराधीन है। बैंक प्रबंधन उस पर केस वापस लेने दबाव बनाने के साथ लोन की राशि जमा कराने दबाव बना रहा है।

- घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र की
- पीड़ित ने कहा मामला कोर्ट में विचाराधीन

# डस्टबिन नहीं रखने एवं गंदगी फैलाने के मामले में 16 दुकानदारों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को शहर की दुकानों में डस्टबिन नहीं रखने तथा गंदगी फैलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए 16 दुकानों से 32 सौ रुपए का जुर्माना वसूला है। जोन 5 के स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा ने बताया कि निगम के अधिकारियों ने स्वच्छता दीदियों की टीम के साथ माधव राव सप्रे और पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्षेत्र में मुख्य मार्ग डीडीयू नगर, रायपुरा चौक ओवरब्रिज के समीप के क्षेत्र के बाजार दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान रायपुरा चौक में 3 दुकानों में कामाख्या नाश्ता सेंटर में प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर उसे तत्काल जब्त कर 500 रुपए, दुकान संचालक रामू साहू पर दुकान में डस्टबिन नहीं रखने 200 रुपये और श्रीराम पान पैलेस पर गंदगी एवं कचरा फैलाये जाने पर 300 रुपए का जुर्माना लगाया। इसी प्रकार नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही के नेतृत्व एवं जोन 7 स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानन्द साहू की उपस्थिति में क्षेत्र के संत रामदास वार्ड अंतर्गत भारत माता चौक गुढ़यिारी के आसपास की 13 दुकानदारों का निरीक्षण किया गया। इन दुकानों के सामने भी गंदगी और कचरा फैला मिला। सभी दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 22 सौ रुपए का जुर्माना वसूला। इस तरह कुल 16 दुकानों पर 32 सौ रुपए का जुर्माना लगाया गया है।



# गायनी विभाग के ओपीडी हॉल में भरा पानी, हलाकान होते रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेज बारिश के दौरान आंबेडकर अस्पताल के गायनी विभाग के ओपीडी हॉल में पानी भरने से मरीज परेशान होते रहे। करीब तीन साल पहले हाउसिंग बोर्ड द्वारा अस्पताल में कराए गए विभिन्न जीर्णोद्धार के दौरान इसका भी रिनोवशन हुआ था। जानकारी के अनुसार आंबेडकर अस्पताल के विभिन्न विभाग में संचालित होने वाली ओपीडी में सबसे ज्यादा मरीज स्त्री एवं प्रसूति रोग से संबंधित होते हैं। इसकी ओपीडी का संचालन भूतल में बनाए गए विभाग के बड़े हॉल में किया जाता है। बताया जाता है कि शुक्रवार को सुबह से लगी सावन की झड़ी के दौरान तेज बारिश का पानी छत से टपककर हॉल में भर गया। उस दौरान हॉल में काफी संख्या में मरीज और उनके परिजन मौजूद थे। बरसाती पानी से बचने और अपने चिकित्सकीय जांच के लिए बारी आने तक सुरक्षित जगह की तलाश करते रहे। सूत्रों के मुताबिक करीब तीन साल पहले आवश्यकता और मरीजों की अधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए हाउसिंग बोर्ड द्वारा इस विभाग के ओपीडी कक्ष का रिनोवेशन कराया गया था। इस दौरान वहां बड़ा हाल बनाने के और मरीजों की बैठने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। सूत्रों का कहना है कि हॉल के ऊपर बनाए गए शेड का प्लास्टिक पुराने होने की वजह से टूटफूट गया है। इसकी वजह से तेज बारिश का पानी हॉल में भरने लगता है। इस बारे में अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि शिकायत के आधार पर समस्या का समाधान करने मरम्मत कराई गई है।



तीन साल पहले हाउसिंग बोर्ड ने कराया था रिनोवेशन

पेज 9 के शेष

### नौ घंटे की अनवरत...

वर्षा के संकट से उबारने वाला सिस्टम नए तेवर के साथ फिर बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हो गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में सबसे ज्यादा 180 मिमी. बारिश बलौदाबाजार में हुई है। उसके साथ बलोद, मोहला-मानपुर-चौकी, सुकमा और नारायणपुर में अब औसत से 20 से अधिक बारिश हो चुकी है। बीजापुर 94 प्रतिशत अधिक वर्षा के साथ लबालब हो चुका है। प्रदेश में अच्छी वर्षा के बाद सिस्टम झारखंड होते हुए बांग्लादेश चला गया था, वहां पर्याप्त मात्रा में नमी के साथ उसकी बंगाल की खाड़ी में वापसी हुई और पुनः कम अवदाब के रूप में परिवर्तित हो गया है। माना जा रहा है कि इसके प्रभाव से उत्तर से लेकर मध्य हिस्से तक सर्वाधिक बारिश हो सकती है। छाए काले बादलों के आधार पर पिछले चौबीस घंटे में कई इलाकों में भारी वर्षा का अनुमान है। गुरु-शुक्रवार की दरम्यानी राजधानी में बरसात का असर मध्यम रहा। इसके बाद सुबह होते ही लगी झड़ी दोपहर तीन बजे तक लगातार जारी रही। शहर के कई मार्ग और उससे लगे मोहल्ले में इसकी वजह से पानी भर गया और आवाजाही में तकलीफ होती रही है।

### युवती को इंप्रेस...

उच्चाधिकारियों से दिशा निर्देश प्राप्त किए जा रहे हैं। कार की चपेट में आने से नवीन बघेल, संतोष बघेल के साथ अनिल तथा रेखा नागवंशी को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है।

### युवती के मित्र को...

की ठोकर लगने से युवती के ब्वाय फ्रेंड को चोट तो नहीं लगी, लेकिन वह उछलकर कार की बोनट पर आ गिरा। इसके बाद भी कार चालक ने कार नहीं रोकी, कार की बोनट में आए युवक ने किसी तरह बोनट से कूद कर अपनी जान बचाई। हालांकि पुलिस ने इस बात की पुष्टि नहीं की है।

### तेज रफ्तार कार...

बढ़ाने के लिए कहा। युवती के कहने पर रोहन ने जैसे ही कार की रफ्तार बढ़ाई, पुलिस लाइन के पास नवीन तथा संतोष की स्कूटर को रोहन ने ठोकर मार दी। इससे हड़बड़ाए रोहन ने पैदल जा रहे दंपति को ठोकर मार दी।

### आवक बढ़ी, कीमत...

था, वह अब वहां से छह से सात सौ रुपए में आ रहा है। थोक में यहां पर सात से आठ सौ रुपए क्रेट में बिक रहा है। अपने प्रदेश में टमाटर की फसल अक्टूबर से आने लगती है और यह अप्रैल तक चलती है। इस अवधि में टमाटर की कीमत सबसे कम रहती है। जब दीपावली के आस-पास टमाटर की फसल आती है तब थोड़ी कीमत ज्यादा रहती है, लेकिन धीरे-धीरे कीमत कम होते पांच रुपए किलो तक चली जाती है। कई बार स्थिति यह रहती है कि किसानों को टमाटर फेंकना पड़ता है, क्योंकि उनको कीमत नहीं मिल पाती है। टमाटर तोड़ने के लिए ही एक रुपए प्रति किलो पर खर्च आ जाता है, लेकिन जब किसान टमाटर लेकर थोक मंडी में जाते हैं तो उनको एक से डेढ़ रुपए ही कीमत मिलती है। ऐसे में किसान टमाटर तोड़ते ही नहीं हैं।

-:: आम सूचना ::-

(माधव राव सप्रे वार्ड क्रमांक 69 अग्रोहा कालोनी सेक्टर -1 रायपुरा, रायपुर, पटवारी हल्का नं. 104/57, रायपुर, रा.नि.म. रायपुर छत्तीसगढ़ स्थित भूमि खसरा नं. 379/387 क्षेत्रफल 2400 वर्गफूट के संबंध में )

एतद द्वारा सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री बृजकिशोर अग्रवाल पिता श्री सोपाल अग्रवाल निवासी रायपुर छ.ग. वर्तमान में निवास मेन रोड पटनागढ़ बलांगीर उड़ीसा है से उनके भूमि स्वामि हक व आधिपत्य की अग्रोहा कालोनी स्थित प्लॉट नं. जी-6 मौजा रायपुरा सेक्टर -1 रायपुरा, रायपुर, पटवारी हल्का नं. 104/57, रायपुर, रा.नि. म. रायपुर 01, रायपुरा तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ स्थित भूमि खसरा नं. 379/387 रकबा 0.0220 हेक्टेयर याने 2400 वर्गफीट आकार (40x60) फूट है। को विक्रय करने का सौदा श्री पन्नालाल जोशी उम्र 54 वर्ष पिता श्री कृष्ण कुमार जोशी बिलासुपर रोड़ शिवानंद नगर खमतराई रायपुर छ.ग. आधार नं. 4883 4608 2957 के साथ तय हुआ था तथा बयाना राशि के रूप में 100000/- अक्षरी एक लाख रूपये 27/01/2024 को प्राप्त कर शेष राशि 03 माह के भीतर रजिस्ट्री कराना तय हुआ था किन्तु उक्त समयावधि 03 माह के भीतर क्रेता ने विक्रेता के इकारारनामा की शर्तानुसार राशि का भूगतान नहीं कर पाया जिससे मेरे पक्षकार विक्रेता श्री बृज किशोर अग्रवाल ने इकरारनामा निरस्त कर दूसरे क्रेता को उपरोक्त वर्णित भूमि को विक्रय करने का इकरारनामा सौदा संपादित कर बयाना राशि 300000/- अक्षरी तीन लाख रूपये चेक से चेक क्रमांक 882247 दिनांक 21/06/2024 के द्वारा प्राप्त कर शेष राशि विक्रय विलेख निषपादित करते समय प्राप्त करने का इकरार किया है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वामित्व, आधिपत्य एवं अन्तरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, बोर्ड, या निगम, प्राधिकरण, साहूकार, शासन एवं प्रशासन आदि का कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन तिथि से 15 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति सुसंगत दस्तावेजों के साथ नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा समयावधि उपरांत उक्त संपत्ति का पंजीयन मेरे पक्षकार विक्रेता द्वारा नये क्रेता के पक्ष में विक्रय विलेख संपादित करेगा। तत्पश्चात कोई भी आपत्ति झुठा एवं नाजायज माना जावेगा। तथा बाद में मेरे पक्षकार विक्रेता पर तथा क्रेता पर बंधनकारी नही होगी।

सो सूचना जाने

स्थानः रायपुर
दिनांकः 26/07/2024 **शैलेन्द्र कुमार सिन्हा अधिवक्ता**
**पताः मकान नं जी-34, प्रथम तल अग्रोहा कालोनी सेक्टर-01 रायपुरा, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9827178992, 9424115912**

// आम सूचना //

सर्वविदित हो कि हमारे पक्षकार द्वारा श्रीमती मिथलेश अग्रवाल पति श्री संतोष अग्रवाल निवासी- म.नं. 35 बी, श्याम वाटिका, शाला मार्ग, चौबे कालोनी, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति मौजा- चिरहुलडीह (रायपुर को आपरेटिव सोसायटी लि.), प.ह.नं.- 52, रा.नि.म. रायपुर 3- कोटा, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर- 723/2 प्लॉट क्रमांक- 35 बी, क्षेत्रफल- 3220 वर्गफुट भूमि जिस पर साधारण स्तर का पक्का मकान निर्मित है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, केवल विक्रय पत्र पंजीयन की प्रक्रिया शेष है ।

अतः उपरोक्त सम्पत्ति के स्वत्व, आधिपत्य, भारमुक्ता एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थान, बैंक, वित्तीय निकायों आदि को किसी भी प्रकार का उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिनों के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज में नीचे लिखे पते पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर देवें, बाद म्याद हमारे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जायेगा । तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध एवं शून्य होने से हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी ।

सो सूचना जाने ।

**रायपुर (छ.ग.)**
**दिनांक- 26.07.2024**
**भवदीय**
**सौरभ जैन, अधिवक्ता**
**कार्यालय ए-6, प्रथम तल, ब्लाक ए, जी के माईलस्टोन न्यु राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) मोबाईल नं.- 9993802939**

Health Town

K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount For BPL Card Holder
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
• Spoken English & Personality Development Classes
• Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal Attention on each students
• Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90% • Robotics and Science laboratory • Sports and Curriculum Activities
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 0771-4000123, 9425214413, 9329621221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount For BPL Card Holder
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
● Extra curricular activities ● Personal attention to each student Limited student in each class ● Music, Dance, personality development classes ● Yoga
● Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) 0771-4913336, 9425214413, 9329621221 Email:- rpsraipur123@gmail.com

# आज से जनसमस्या निवारण पखवाड़ा, पेंशन-प्रमाणपत्र सहित अन्य समस्याएं भी सुनी जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

कलेक्टोरेट में जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर शुरू होने के बाद अब नगर निगम प्रशासन भी जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शुरू करने जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक वार्ड में जनसमस्या निवारण शिविर लगाए जाएंगे, जिसमें पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, राशन कार्ड के अलावा सफाई, टूट-फूट चुकी नाली का निर्माण जैसे छोटी-छोटी समस्याएं भी सुनी जाएंगी और इनका निराकरण किया जाएगा। यह पखवाड़ा 27 जुलाई से शुरू किया जा रहा है।

## सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक लगेगा शिविर, किया जाएगा सभी समस्या का निराकरण

### शिविर के लिए स्थलों का चयन

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि निगम सीमा क्षेत्र में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा 10 जुलाई से 27 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस दौरान सभी जोन क्षेत्रों के वार्डों में शिविर लगाया जाएगा। शिविर के लिए स्थलों का भी चयन कर लिया गया है। इसके तहत 27 जुलाई को जोन 1 के बंजारी माता वार्ड के पार्षद निवास के सामने भनपुरी, जोन 2 में हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड के जोन कार्यालय जोन 2, जोन 3 के रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के पार्षद कार्यालय आदर्श नगर, जोन 4 के सिविल लाईन वार्ड के अम्बेडकर भवन, जोन 5 के ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड के जोन 5 कार्यालय, जोन 6 के शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के हरदेव लाला मंदिर जोन 7 के शहीद मनमोहन सिंह बख्शी वार्ड के मोतीलाल नगर सामुदायिक भवन स्टेडियम के पास, जोन 8 के वीर सावरकर नगर वार्ड के हीरापुर सामुदायिक भवन में शिविर लगाया जाएगा।



### इस तरह की समस्याओं का होगा निराकरण

शिविरों में नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण जैसी समस्याओं के अलावा नल लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों-गलियों की साफ सफाई, सार्वजनिक नलो के प्लेटफार्म से पानी बहना, टूटी-फुटी नालियों की मरम्मत, सड़क के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाईट बंद जैसे छोटी-छोटी समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र मंडल भवन में एकल गायन स्पर्धा 11 अगस्त को

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की खेलकूद समिति, कला और संस्कृति समिति के साथ मिलकर 11 अगस्त को एकल गायन स्पर्धा का आयोजन किया जा रह है। यह प्रतियोगिता चौबे कालोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल भवन के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में होगी। समिति के उपाध्यक्ष गीता दलाल ने बताया कि 11 अगस्त को सुबह 11 बजे एकल गायन स्पर्धा प्रारंभ होगी। स्पर्धा महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग होगी। प्रतिभागियों को कराओके म्यूजिक में फिल्मी गीत के दो पद गाने होंगे। प्रतिभागियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। गीता के मुताबिक पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को सोने के सिक्कों के साथ सभी प्रतिभागियों को मेडल और सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। स्पर्धा के लिए प्रवेश शुल्क 250 रुपए निर्धारित है।

### भिलाई से कल निकलेगी जबर हरेली रैली

**रायपुर।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के पदाधिकारियों द्वारा जबर हरेली रैली निकाली जाएगी। यह रैली भिलाई पावरहाऊस स्थित डा. अंबेडकर मूर्ति के पास से 28 जुलाई को निकाली जाएगी। इस संबंध में कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि इस रैली में हजारों लोक कलाकार एवं लाखों छत्तीसगढ़ियाजन अपने प्रथम त्योहार हरेली को उल्लासमय वातावरण में मनाते चलेंगे। साथ ही सुसज्जित बैलगाड़ियों का जूलूस, बस्तरिहा रेला-पाटा, गेड़ी, पंथी, करमा, सुवा, राऊत नाचा, डंडा नृत्य करते हुए लोग प्रकृति के साथ-साथ अपनी मूल संस्कृति को बचा कर रखने का संदेश देते चलेंगे।

### झारखंड में विक्रम नामक बदमाश को रायपुर पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर लाने की तैयारी में जुटी

# गढ़वा में जिस पिस्टल से फायरिंग की गई, उसी से रायपुर में शूट आउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में शूट आउट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों ने जिस पिस्टल से शूट आउट की घटना को अंजाम दिया था, उसी पिस्टल से बदमाशों ने रायपुर के दो दिन पूर्व झारखंड के गढ़वा में 11 जुलाई को शूट आउट की घटना को अंजाम दिया है।

बदमाशों से अलग-अलग पूछताछ में पुलिस को इस बात की जानकारी मिली है। गढ़वा में शूट आउट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। झारखंड पुलिस द्वारा गिरफ्तार बदमाश को रायपुर पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाने की तैयारी कर रही है।

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक गढ़वा पुलिस ने शूट आउट की घटना को अंजाम देने के आरोप में विक्रम नामक बदमाश को गिरफ्तार किया है। गढ़वा पुलिस ने शूट आउट की घटना में इस्तेमाल पिस्टल के बारे में पूछताछ की, तो उसने पुलिस को बताया कि शूट आउट की घटना को अंजाम देने के बाद उसने उक्त पिस्टल को रायपुर में शूट आउट की घटना को अंजाम देने के लिए भेज दिया है। इस बात की जानकारी रायपुर पुलिस को मिली। इसके बाद रायपुर विक्रम से पूछताछ करने रायपुर लाने की तैयारी कर रही है।

*गढ़वा में भी फिरौती के लिए शूट आउट : गढ़वा में विक्रम ने जो शूट आउट की घटना को अंजाम दिया है, वह भी उसने अमन के इशारों पर किया है। पुलिस के अनुसार गढ़वा में भी कारोबारी से रंगदारी वसूलने शूट आउट की घटना को अंजाम दिया गया है। अमन साव झारखंड के अलावा राजस्थान, हरियाणा तथा पंजाब पुलिस के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। जेल में बंद होने के बाद भी पुलिस अमन की करतूतों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है।*


शूटरों का अकाउंट मैनेज करने वाला पंजाब से हुआ गिरफ्तार, ट्रांजिट रिमांड पर

### 10 दिन से दूसरे राज्यों में छापे की कार्रवाई

शूट आउट की घटना को सुलझाने रायपुर पुलिस की आधा दर्जन से ज्यादा टीम झारखंड, हरियाणा तथा पंजाब में छापे की कार्रवाई कर रही है। साथ ही अमन साव गिरोह के अपराध करने के तरीके बारे में जानकारी जुटाने का काम कर रही है। जिन दो बदमाशों ने रायपुर में शूट आउट की घटना को अंजाम दिया था, पुलिस उन बदमाशों तक अब तक नहीं पहुंच पाई है। बदमाशों को पकड़ने स्थानीय पुलिस इंटर स्टेट पुलिस की मदद ले रही है।

## महादेवघाट में कांवरियों के लिए निशुल्क सेवा जारी

**रायपुर।** शिव-शक्ति सेवा मंडल अश्वनी नगर द्वारा विगत कई सालों से कांवरिया भक्तों को पूरे सावन माह सेवा के रूप में जल, फल और दवाई की निशुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है, जिससे महादेवघाट जलाभिषेक करने वाले कांवरियों में उत्साह बना रहे। मंडल के सदस्य ललित अग्रवाल ने बताया कि हर साल सावन के पवित्र महीने में छप्पन भोग निवास के समक्ष वाटरप्रूफ पंडाल लगाया जाता है। रविवार और सोमवार को कांवरियों की संख्या सैकड़ों में होती है। समिति के कई सदस्य हैं, जो निस्वार्थ भाव से सेवा में लगे होते हैं।

सेवा करने वालों में कन्हैया लाल अग्रवाल, क्रांति अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, विकास मुंदड़ा, विश्वास अग्रवाल आदि सहित अनेक साथी शामिल हैं।

## बिजनेस साइट

### छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष वीके अरोरा ने मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष वीके अरोरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की।

इस भेंट में अरोरा ने मुख्यमंत्री को बैंक के छत्तीसगढ़ के विकास में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बैंक द्वारा राज्यभर में उपलब्ध कराई जा रही बैंकिंग सुविधाओं और कृषि क्षेत्र में किए जा रहे योगदान की सराहना की।



### बीएनआई के 'जोश 2024' का आयोजन कल

BNI RAIPUR

**रायपुर।** बीएनआई (बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल) का एक प्रमुख वार्षिक आयोजन 'जोश 2024' रविवार को रायपुर में अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बीएनआई सदस्यों को उनकी प्रतिभा प्रदर्शित करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित करने का अवसर प्रदान करना है। बीएनआई, जो विश्व की सबसे बड़ी बिजनेस रेफरल ऑर्गनाइजेशन है, इसके सदस्य अपने व्यापार को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाने के लिए इसका लाभ उठाते हैं। 'जोश 2024' में रायपुर रीजन के लगभग सभी सदस्य शामिल होंगे और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

इस वर्ष के आयोजन में कई शहरों के बीएनआई के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल होंगे, जिनमें हेमू स्वर्णा, नेशनल प्रेसिडेंट बीएनआई इंडिया और अतुल जोगलेकर, एक्सीक्यूटिव डायरेक्टर, बीएनआई पुणे, शामिल हैं। कार्यक्रम के चेयरमैन राहुल जाधव और मनीष अग्रवाल हैं और गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में विजय कुमार कांकरिया उपस्थित रहेंगे।

### श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर।** रायपुरा स्थित श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र अपनी आयुर्वेदिक चिकित्सा के लिए प्रसिद्ध है। यहां के विशेषज्ञ डॉ अभिषेक शर्मा एवं डॉ वसुधा शर्मा के अनुभव व चिकित्सा कौशल का लाभ हजारों मरीज उठा चुके हैं।

ज्यादा से ज्यादा लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा व पंचकर्म की विधा का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से निशुल्क विशाल आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म परामर्श शिविर का आयोजन 21 से 28 जुलाई तक सुबह 9 बजे से 8.30 बजे रात तक आयोजित किया गया है। जिनमे मरीजों के लिये ब्लड प्रेशर व शुगर की निशुल्क जांच, शिविर मे पंचकर्म प्रक्रिया में विशेष छूट तथा कम्प्यूटराइज्ड नाड़ी परीक्षण पर मरीजों को विशेष छूट का लाभ मिलेगा।



## दौड़ने से चेहरा पड़ जाता था नीला, मिला दिल में सुराख, हुआ बच्ची का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दौड़ने के दौरान जल्दी थकान आने से चेहरा नीला पड़ने की शिकायत वाली 8वीं की छात्रा अंशु के दिल में सुराख था। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की चिरायु टीम ने उसकी मदद की और बच्ची का इलाज पूरा हुआ। आरंग के ग्राम तुलसी के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा अंशु की जब जांच हुई, तो पता चला कि उसकी हृदय गति असामान्य है। इसकी एकमात्र वजह से दिल में सुराख और इसका जल्दी ही इलाज नहीं किया गया, तो बच्ची के लिए बड़ा जोखिम हो सकता है। परिजनों को विश्वास में लेने के बाद वहां की चिरायु टीम सक्रिय हुई और बच्ची को लेकर नवा रायपुर के कैशलेस हास्पिटल सत्य साईं संजीवनी अस्पताल पहुंची। बच्ची को 23 जुलाई को अस्पताल में एडमिट कर ऑपरेशन किया गया और गुरुवार को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बच्ची की पहचान कर उसे नया जीवन दिलाने में सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी एवं आरबीएस की नोडल अफसर डॉ. श्वेता सोनवानी चिरायु टीम के डॉ. अबरार आलम, डॉ. शोभा निषाद, एएनएम टिकेश्वरी साहू एंव एलटी मुकेश कुमार साहू की प्रमुख भूमिका रही।



# बगैर अनुमति प्रदर्शन, एजाज ढेबर सहित अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर विधानसभा घेराव करने प्रदर्शन करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सिविल लाइंस पुलिस ने अलग-अलग धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। जिन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है, उनमें महापौर एजाज ढेबर, आशीष द्विवेदी सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

पुलिस द्वारा जारी बयान के मुताबिक बुधवार को बगैर अनुमति के सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोड ब्लाक कर प्रदर्शन किया।

कांग्रेस कार्यकर्ता रोड ब्लाक कर प्रदर्शन कर रहे थे, तब कार्यपालिका मजिस्ट्रेट ने शांति बनाए रखने की अपील करते हुए भीड़ को गैर कानूनी बताया। बावजूद इसके प्रदर्शनकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज, झूमा झटकी, मारपीट की। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने सहित बीएनएस की धारा 191(2), 296, 221, 132 121(1) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने जिन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है, उनमें से एक दर्जन से ज्यादा नामजद तथा अज्ञात कांग्रेस नेता तथा कार्यकर्ता शामिल हैं।


कांग्रेस के प्रदर्शन के चलते पंडरी, लोधीपारा चौक से लेकर शंकरनगर तक जाम की स्थिति

विस कूच कर रहे कांग्रेसियों पर पानी की बौछार, पुलिस से झूमाझटकी, कई घायल, इलाका रहा जाम, नहीं खुले स्कूल

### स्वच्छ सर्वेक्षण में रैंकिंग बढ़ाने वॉल पेंटिंग व स्वच्छता अभियान पर जोर

*रायपुर। नगर निगम रायपुर आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शुक्रवार को सभी जोन कमिश्नरों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अभियान की प्रगति एवं उसकी तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी कमिश्नरों को स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग बढ़ाने के लिए तेजी से स्वच्छता अभियान चलाने के साथ सार्वजनिक स्थलों पर वॉल पेंटिंग का कार्य भी करने के निर्देश दिए।*

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 10 नवम्बर से 16 नवम्बर 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि: स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
20 सितंबर 2024
10 नवंबर 2024
10 जनवरी 2025
मकर संक्राति
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

सेलगढ़
मानसून स्पेशल ऑफर
मैन रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर
नित नई व्हेरायटी एवं नये ऑफर्स के साथ
पारिवारिक वस्त्रों की खरीदी का आनंद लीजिये
मेन्स शर्ट ₹175 से प्रारंभ
मेन्स टीशर्ट ₹125 से प्रारंभ
मेन्स जीन्स ₹499 से प्रारंभ
गर्ल्स जीन्स ₹250 से प्रारंभ
फैंसी कुर्ती ₹165 से प्रारंभ
गर्ल्स टॉप ₹99 से प्रारंभ
पैरदान ₹33 से प्रारंभ
बेडशीट ₹165 से प्रारंभ
फैंसी पर्दे ₹199 से प्रारंभ
स्पेशल ऑफर
ऑनलाईन स्पेशल फैंसी 3डी प्रिंट डबलबेड बेडशीट सेट 1+2 ₹129 प्रति सेट
प्रति ग्राहक अधिकतम 3 सेट
बाजार मूल्य ₹49 प्रति पीस वाला
कारपेट प्रिंट फैंसी पैरदान ₹20 प्रति पीस
प्रति ग्राहक अधिकतम 5 पीस
*condition apply
ऑफर स्टॉक रहने तक...
सुमीत सेलगढ़
हरिभूमि प्रेस के आगे, पुजारी पार्क के सामने
मैन रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर
ऑफर आज व कल

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 27 जुलाई 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

की-चेन और ब्रेसलेट के रूप में भी ...

लाइव इवेंट

## तंबू गड़ाने में रायपुर प्रथम, नक्शा पढ़ने में भी शहर के कैडेट्स अव्वल




**रायपुर।** एनसीसी ग्रुप द्वारा वार्षिक थल सैनिक शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से छः एनसीसी ग्रुप रायपुर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, सागर, जबलपुर से शामिल हुए। शिविर में बाधा प्रशिक्षण, मानचित्र पढ़ना, फील्ड व बैटल क्राफ्ट, स्वास्थ्य व स्वच्छता, तंबू पिचिंग व फायरिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिमसें लगभग 338 एनसीसी कैडेट ने हिस्सा लिया। स्पर्धा को दो श्रेणियों में विभाजिता किया गया, जिसमें लड़कियों व लड़कों की टीम बनाई गई।

स्पर्धा का परिणाम शुक्रवार को जारी किया गया, इस दौरान ब्रिगेडियर रजनीश गौड़ द्वारा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर वीएस चौहान ने संबोधन की शुरुआत 'छत्तीसगढ़िया, सबले बढ़िया' के नारे के साथ की। जिसके पश्चात उपस्थित सभी कैडेट्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन को कमांडर ने सराहा। उन्होंने कहा वार्षिक थल सैनिक शिविर में रायपुर समूह ने शानदार प्रदर्शन किया है।

### जानिए, किस स्पर्धा में कौन प्रथम

लड़कों में हेल्थ एंड हाईजीन में प्रथम रायपुर समूह, दूसरा भोपाल व तीसरा इंदौर रहा। जजेस डिस्टेंस में प्रथम भोपाल, दूसरा रायपुर, तीसरा इंदौर रहा। मैप रीडिंग में प्रथम रायपुर, दूसरा भोपाल, तीसरा सागर रहा। ऑब्सटिकल में प्रथम रायपुर, दूसरा भोपाल, तीसरा सागर रहा। टेंट पिचिंग में प्रथम रायपुर, दूसरा इंदौर, तीसरा ग्वालियर रहा। लड़कियों में हेल्थ एंड हाईजीन में प्रथम रायपुर, दूसरा जबलपुर, तीसरा ग्वालियर रहा। जजेस डिस्टेंस में प्रथम रायपुर, दूसरा भोपाल, तीसरा इंदौर रहा। मैप रीडिंग में पहला रायपुर, दूसरा ग्वालियर, तीसरा सागर रहा। ऑब्सटिकल में प्रथम जबलपुर, दूसरा रायपुर, तीसरा इंदौर रहा। टेंट पिचिंग में पहला रायपुर, दूसरा ग्वालियर, तीसरा जबलपुर समूह रहा।

कारगिल विजय दिवस : शैक्षणिक संस्थानों से लेकर केंद्रीय संगठनों में भी हुए आयोजन

# याद की गईं शौर्य गाथाएं, चित्रों में उकेरा देशप्रेम, पूर्व सैनिकों ने बताया-कैसे 25 वर्ष पूर्व भारत ने की थी कारगिल फतह

रायपुर। कारगिल विजय दिवस के मौके पर शुक्रवार को शहर में विविध आयोजन हुए। स्कूल और कॉलेजों से लेकर सामाजिक संस्थाओं और केंद्रीय संस्थाओं द्वारा भी कई तरह के कार्यक्रम रखे गए। इस दौरान कहीं भूतपूर्व सैनिकों ने अपनी यादें साझा की तो कहीं छात्रों ने चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से देशप्रेम की अपनी भावनाएं उजागर की।




### चित्रकला में दिखी देशप्रेम की भावना

*फोटो प्रदर्शनी के साथ चित्रकला, भाषण व प्रश्नमंच जैसी स्पर्धाएं भी आयोजित की गई, ताकि छात्र रोचक तरीके से कारगिल विजय को समझ सकें। बच्चों ने देशप्रेम पर आधारित गीत व नृत्य भी पेश किए। विवेक चौहान कहा कि मजबूत एकता व राष्ट्र प्रेम की भावना से ही राष्ट्र का निर्माण कर कारगिल शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। चित्रकला प्रतियोगिता में 81 छात्र और छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम पुरस्कार यशस्वी वैद्य, द्वितीय पुरस्कार तिथि बंछोर, तृतीय पुरस्कार हिमांशी मांदले और सांत्वना पुरस्कार आद्या नायक एवं आयुष वेद ने जीता। इसी तरह भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नित्या साहू, द्वितीय स्थान पर इच्छित और तृतीय स्थान पर सैयद आफरीन रही। ज्योत्सना और सत्यम रानेंद्र को सांत्वना पुरस्कार मिला।*

### फोटो पैनल्स के जरिए बताई विजय गाथा

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 में चित्र प्रदर्शनी लगाकर जागरूकता का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन स्थल पर कारगिल विजय पर आधारित 46 फोटो पैनल्स लगाए गए। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विद्यालय संगठन के सहायक आयुक्त विवेक चौहान रहे। अध्यक्षता प्राचार्य अशोक कुमार चंद्राकर ने की। एनसीसी के तीनों विंग, राष्ट्रीय सेवा योजना व शाला के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।



### देशभक्ति गीतों की धुन से गूंज उठा वृंदावन हॉल

*जय श्रीराम प्रशिक्षण एवं सेवा संस्था तथा जय श्रीराम निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण के संयुक्त तत्वाधान में कारगिल दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उदय चन्द्रभान चौहान उपस्थित रहे। साथ ही सैनिक कार्यालय से कैप्टन शैलेश शुक्ला, ले.दीनालाल साहू, सूबेदार युदिष्ठीर सिन्हा, सुबेदार भुवनलाल साहू, पूर्व सैनिक पन्ना लाल सिन्हा, पूर्व सैनिक हिरेन्द्र अग्रवाल,पूर्व सैनिक सुकांत पटनायक मुख्य रुप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 3 बजे कमल विहार से वृंदावन हॉल तक बाइक रैली के साथ हुई।*

### शहीदों की वीर गाथा से हुए परिचित

*इस दौरान पूर्व सैनिक व संस्था के प्रतिभागी भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान 8 पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया, साथ ही शहीद जवानों की बलिदानी को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। कारगिल विजय दिवस पर जय श्री राम निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। जहां देशभक्ति के गानों की धून से वृंदावन सभागार गूंज उठा। मार्गदर्शन संस्था के अध्यक्ष पन्नालाल सिन्हा, कोषाध्यक्ष ललित देवांगन, सचिव तुलाराम सिन्हा द्वारा किया गया। 300 से अधिक देशभक्त वृंदावन हॉल में शहीदों की गाथा से परिचित होने पहुंचे रहे।*

### पूर्व सैनिक ने साझा किए युद्धकाल के अपने अनुभव

दानी गर्ल्स स्कूल में भूतपूर्व सैनिक राजीव शर्मा को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कारगिल युद्ध में सहभागिता निभाने वाले राजीव शर्मा ने कारगिल युद्ध काल का अपना अनुभव साझा किया। प्राचार्य डॉ.हितेष दीवान ने छात्राओं को कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार रहकर देशभक्ति के लिए प्रेरित किया। देशसेवा आधारित पेंटिंग, संभाषण और सामूहिक गीत छात्राओं ने प्रस्तुत की। एनसीसी प्रभारी साधना गुप्ता ने कैडेट्स के साथ परेड प्रदर्शन किया। इस अवसर पर क्रांति चंद्राकर, डॉ.संगीता अनम, मीनू पांडे सहित सभी शिक्षकगण और छात्राएं उपस्थित रहीं।



### देश के प्रति सजग रहें विद्यार्थी

साइंस कॉलेज द्वारा आज दोपहर कारगिल युद्ध विजय के 25वीं सालगिरह के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं अतिथि प्रो.टीएल वर्मा तथा विशेष अतिथि वायु सेवा के सेवा निवृत ग्रुप कमांडर सतीश मिश्रा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पीसी चौबे ने की। इस कार्यक्रम के अवसर पर रक्षा अध्ययन के छात्र-छात्राओं द्वारा लघु शोध प्रपत्रों के संकलन का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो.टीएल वर्मा ने भारत के विभाजन के समय कश्मीर में हुए त्रासदी का वर्णन करते हुए, आज भारतीय सैनिकों की सजगता और वीरता पर प्रकाश डालकर देश हित को सर्वोपरि मानने का आव्हान किया। विशेष अतिथि के रूप में ग्रुप कैप्टन सतीश मिश्रा ने सशस्त्र बलों के शौर्य का वर्णन करते हुए, छात्र-छात्राओं को अपने देश के प्रति हमेशा सजग रहने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.गिरीश कांत पांडेय और छात्र भेखराज देवांगन ने किया।



सिटी इवेंट

## पूरी जिंदगी यात्रा करने की शपथ, ताकि जारी रहे खोज




रायपुर। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड और पर्यटन मंत्रालय द्वारा हेरिटेज वॉक की अंतिम श्रृंखला का समापन शुक्रवार को हुआ। गौरतलब है कि विरासत वॉक श्रृंखला की शुरुआत नई दिल्ली में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र की मेजबानी के दौरान की गई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना व प्रदेश के इतिहास को लोगों तक पहुंचाना था। इस दौरान शहर के वास्तुशिल्प चमत्कारों, धार्मिक स्थल, दिवारों पर उकेरी गई कहानियों की जानकारी शहरवासियों तक पहुंचाया गया।

### विकसित करें श्रेष्ठ पर्यटन प्रथा

वॉक के अंतिम दिन 650 साल प्राचीन स्वामी विवेकानंद सरोवर, 1402 ई. से निर्मित कलचुरी शासन काल में निर्मित किला का इतिहास, 700 साल प्राचीन दत्तात्रेय मंदिर, 1150 साल पुराना श्री विरंचिनारायण और नरसिंहनाथ मंदिर व 200 साल से अधिक प्राचीन बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर के इतिहास की जानकारी दी गई। विरासत वॉक की पदयात्रा में जिम्मेदार पर्यटन प्रथाओं के महत्व पर जोर दिया गया। प्रतिभागियों को ट्रैवल फॉर लाइफ मूवमेंट से परिचित कराया गया, जो पर्यावरण के प्रति जागरूक यात्रा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक वैश्विक पहल है। सभी प्रतिभागियों ने ट्रैवल फॉर लाइफ शपथ भी ली।

### शहर में रहकर भी परिचित नहीं थे यहां के इतिहास से

वॉक के पश्चात कॉलेज छात्र हर्षप्रीत सिंह सलूजा ने कहा, हेरिटेज वॉक में मंदिरों की खोज व इतिहास को जानने का अवसर मिला। शहरवासी होने के बाद भी कई ऐतिहासिक रहस्य की जानकारी पहले नहीं थी। प्राचीन मंदिरों का इतिहास आकर्षण का केंद्र रहा। आशुतोष सिंह पटेल ने कहा, यह वास्तव में एक बहुत अच्छा अनुभव रहा। इस दौरान शहर में मौजूद हमारे ऐतिहासिक मंदिरों के बारे में बहुत सी नई जानकारी प्राप्त हुई। जिसके बारे में हम नहीं जानते थे, आने वाले भविष्य में यह जानकारी फायदेमंद रहेंगी। स्तुति हिशिकर ने कहा, हेरिटेज वॉक का सफर मेरे जीवन का यादगार वक्त रहा। कार्यक्रम में शहर के इतिहास को जानने के बाद मेरा शहर के मंदिरों व इतिहास को लेकर नजरिया बदला है। जय सिंह ठाकुर ने कहा, शहर के इतिहास को जानने का अवसर मिला। भविष्य में अगर डॉक्यूमेंट्री फोटोग्राफर या फोटो जर्नलिस्ट बनने का अवसर मिला तो छत्तीसगढ़ के पर्यटन पर कार्य करना पसंद करेंगे।

प्रदर्शनी में 500 रुपए में राखी और थाली का सेट

## जन्माष्टमी के लिए मथुरा के वस्त्र पहली पसंद आभूषणों में मुकुट व बाजूबंद की खरीदी अधिक

**रायपुर।** शंकर नगर स्थित अशोक रतन के कम्युनिटी हॉल में दो दिवसीय राखी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इसका उद्घाटन शुक्रवार को माहेश्वरी महिला संगठन की प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में सावन, फ्रेंडशिप डे बैंड, जन्माष्टमी पूजन सामाग्री सहित हैंड मेड नए डिजाइन की राखियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। राखी का स्टॉल लगाने वाली महिलाओं ने बताया कि इस बार कस्टमाइज राखी की पहले से बुकिंग आ रही है। जिसमें बहनें अपने भाई की फोटो या उनकी यादों से जुड़ी राखियां बनवा रही हैं। इसके साथ हैंडमेड मौली धागे पर मोतियों, मोर पंख, और क्रिस्टल से बनी डिजाइनर राखियां डिमांड में है। बच्चे हमेशा की तरह कार्टून और रंग-बिरंगी राखियां पसंद कर रहे हैं। 500 रूपये में एक पूरा सेट लोग पसंद कर रहे हैं। इसमें आरती के लिए डिजाइनर थाली, तिलक, मिठाई तक रहता है।



### हजार रूपए तक कान्हा के डिजाइनर परिधान

प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में महिलाएं जन्माष्टमी के लिए भगवान के लिए नए वस्त्र खरीद रही हैं। यहां खास मथुरा से भगवान के वस्त्र आए हुए हैं। सावन मेले में अलग-अलग क्षेत्रों से महिलाएं कान्हा के विभिन्न प्रकार के कपड़े और आभूषण खरीदने पहुंची रही हैं। यहां 70 से लेकर एक हजार रुपए तक के डिजाइनर परिधान और आभूषणों के सेट हैं। आभूषणों में मुकुट, बाजूबंद, केश, बांसुरी आदि शामिल है। आयोजन निकिता पारेख ने बताया कि उद्धेश्य लघु उद्यमी महिलाओं को अपने उत्पादों के विक्रय के लिए मंच देकर उन्हें प्रोत्साहित करना है।

## जंगल सफारी में कल होगा 'द वाइल्ड प्राइमर'

**रायपुर।** नंदनवन, जंगल सफारी सहित जैव विविधता अन्वेषण और अनुसंधान केंद्र के सहयोग से द वाइल्ड प्राइमर का आयोजन किया जा रहा है। यह एक रोमांचक अनुभव होगा, जिसे विशेष रूप से उन प्रकृति प्रेमियों के लिए डिजाइन किया गया है, जो वन्य जीवन की दुनिया में यात्रा करने की इच्छा रखते हैं। यह कार्यक्रम रविवार 28 जुलाई को सुबह 7:00 बजे से 11:15 बजे तक नवा रायपुर में जंगल सफारी परिसर में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है जो वन्य जीवन की दुनिया में एक्सप्लोर करने की इच्छा रखते हैं, लेकिन उन्हें उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। द वाइल्ड प्राइमर में भाग लेकर प्रकृति को देखने और सराहने के लिए कौशल, वन्य जीवन अवलोकन के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरण, प्रकृति के ऐतिहासिक संदर्भ की गहरी समझ सीख पाएंगे। जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर ने द वाइल्ड प्राइमर कार्यक्रम में जुड़कर अविस्मरणीय अनुभव के लिए युवा और स्कूली विद्यार्थीयों से अपील की है। पंजीकरण के लिए 8073697007 पर व्हॉट्सऐप अथवा communications@berctrails.in पर ईमेल कर सकते हैं।




व्यापम ने जारी किए प्री इंजीनियरिंग टेस्ट और प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट के परिणाम

कार्नर न्यूज

## पीईटी में 83% के साथ वेदांत और कलश शीर्ष पर पीपीटी में प्रथम पायदान पर रहे युवराज को 78% अंक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा शुक्रवार को पीईटी और पीपीटी के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी गई है। प्री इंजीनियरिंग टेस्ट में प्रथम स्थान पर रहे वेदांत साहा और कलश जैन को 82.64% अंक प्राप्त हुए हैं। इसी तरह से पीपीटी में शीर्ष पर रहे युवराज चौहान को 78.003% अंक हासिल हुए हैं। व्यापम द्वारा पीईटी का आयोजन 13 जून को किया गया था। मॉडल आंसर 24 जून को जारी कर एक जुलाई तक दावा-आपत्ति मांगी गई थी।

इसमें प्राप्तांकों के आधार पर इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश, काउंसिलिंग शेड्यूल जल्द

इसी तरह से पीपीटी का आयोजन 23 जून को किया गया था। 4 जुलाई को मॉडल आंसर जारी कर 11 जुलाई तक दावा-आपत्ति मांगी गई थी। पीईटी में 12 हजार 68 तथा पीपीटी में 10 हजार 747 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परिणाम जारी होने के बाद अब काउंसिलिंग शेड्यूल जल्द जारी होने की उम्मीद है। इसके प्राप्तांकों के आधार पर छात्रों को संबंधित संस्थान में प्रवेश दिए जाएंगे।

### बीएड और डीएलएड के मॉडल आंसर जारी

पीईटी और पीपीटी के परिणाम जारी करने के अतिरिक्त व्यापम द्वारा शुक्रवार को बीएड और डीएलएड के लिए आयोजित की गई प्रवेश परीक्षाओं के मॉडल आंसर भी जारी कर दिए गए हैं। प्रीबीएड का आयोजन 30 जून को प्रथम पाली में सुबह 10 से 12.15 बजे के मध्य किया गया था। इसी दिन डीएलएड का आयोजन दूसरी पाली में दोपहर 2 से 4.15 बजे तक किया गया। व्यापम ने दोनों ही परीक्षाओं के लिए 2 अगस्त तक दावा आपत्तियां मंगाई हैं। इनके निराकरण के बाद अंतिम परिणाम जारी कर दिए जाएंगे।

### बीबीए और एमए संस्कृत के परिणाम भी घोषित

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा शुक्रवार को बीबीए और एमए संस्कृत के परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। बीबीए 6वें सेमेस्टर की परीक्षा में 570 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 362 अर्थात 63.51 प्रतिशत छात्रों को उत्तीर्ण घोषित किया गया है। शेष छात्र अनुत्तीर्ण अथवा पूरक श्रेणी में हैं। इसी तरह से एमए संस्कृत चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा दिलाने वाले 20 छात्रों में से 15 अर्थात 75 प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। बीएसएस सहित कई अन्य कक्षाओं के विथहेल्ड परिणाम भी रविवि द्वारा घोषित किए गए हैं।

### बीकॉम के 127 छात्र पूरक से पास

रविवि ने बीकॉम द्वितीय वर्ष के पुनर्मूल्यांकन परिणामों की भी घोषणा शुक्रवार को की। जारी नतीजों के अनुसार, पुनर्मूल्यांकन के बाद 120 छात्रों के अंक घटे हैं तथा 291 छात्रों के अंकों में वृद्धि हुई है। इसके अलावा 22 छात्र अनुत्तीर्ण से उत्तीर्ण श्रेणी में आ गए है। फेल से पूरक की श्रेणी में आने वाले छात्रों की संख्या 71 रही है। इसी तरह से 127 छात्रों को पूरक से उत्तीर्ण की श्रेणी में रखा गया है। मात्र एक विद्यार्थी को ही पुनर्मूल्यांकन के बाद पास से पूरक की श्रेणी में रखा गया है। सभी परिणाम रविवि की आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दिए गए हैं।

## कैंपस लाइव

# छग में सिकलसेल मरीज अधिक कुंडली संग हो मेडिकल जांच



**रायपुर।** पंडित जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज के जैव रसायन विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया। मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा एवं आयुष विवि के कुलपति डॉ.पीके पात्रा रहे। विधायक पुरंदर मिश्रा ने अपने उद्बोधन में विवाह कुंडली मिलान के अलावा जेनेटिक कुंडली मिलान करने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया। डा.पात्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में सिकलसेल बहुतायत में है, जिसके उन्मूलन के लिए पॉपुलेशन जेनेटिक्स बहुत ही महत्वपूर्ण है।

### हैदराबाद से आए विशेषज्ञों ने बताए हीमोग्लोबिन से जुड़े तथ्य

उक्त संगोष्ठी में हैदराबाद के विख्यात वैज्ञानिक डॉ.वीआर राव ने पॉपुलेशन जेनेटिक्स एंड प्रिसिजन मेडिसिन पर अपने विचार रखे। हैदराबाद के ही डॉ.थंगराज ने पॉपुलेशन जीनोमिक्स विषय पर जानकारी दी। लंदन के डॉ.प्रेमेंद्र प्रियदर्शी ने पॉपुलेशन जेनेटिक्स इट्स फंडामेंटल एंड करेंट स्टेटस पर व्याख्यान दिया। डॉ.बीपी दास ने जीन्स, जेनेटिक्स एंड पॉपुलेशन जेनेटिक्स ऑफ हीमोग्लोबिन विषय पर अपने विचार रखे। बनारस हिंदू विवि के डॉ.ज्ञानेश्वर चौबे ने होस्ट ससेप्टिबिलिटी पर व्याख्यान दिया। डॉ.चांडक ने सिकलसेल कल पर व्याख्यान दिया।

## सिटी लाइव

# बायोमेडिकल रिसर्च में नैतिक मानकों को बनाए रखें डॉक्टर



**रायपुर।** एम्स में आईईसी अर्थात इंस्टिट्यूशनल एथिक्स कमिटी की स्थापना समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्यों के साथ-साथ वर्तमान और पूर्व आईईसी सदस्य, शोधकर्ता, चिकित्सा छात्र और विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। नवगठित आईईसी के अध्यक्ष डॉ. गोपाल प्रसाद सोनी ने उपस्थित श्रोताओं का स्वागत करते हुए बायोमेडिकल (जैव चिकित्सा) अनुसंधान में नैतिक प्रक्रियाओं और मानकों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। समारोह में पुस्तिका का औपचारिक अनावरण भी किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि सशस्त्र बल मेडिकल कालेज, पुणे के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष ब्रिगेडियर प्रो.वीके भट्टी ने अपने वक्तव्य में क्लिनिकल रिसर्च की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला तथा मेडिकल एथिक्स के सिद्धांतों से अवगत कराते हुए वैज्ञानिक ज्ञान, अनुसंधान के विकास और मानवअधिकारों की रक्षा में नैतिक मानकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया साथ ही क्लिनिकल रिसर्च में निर्धारित मापदंडों के पालन पर बल दिया।

### अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक बनें

इस अवसर पर एम्स निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने कहा कि नैतिक शोध को बढ़ावा देने में आईईसी की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है। एम्स के आईईसी की कार्यशैली और प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने संस्थान को चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक बने रहने की बात कही। ज्ञात हो कि आईईसी ही संस्थागत अनुसंधान कार्यों और परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करते हुए शोधकार्यों के नीतिगत और नैतिक विकास के साथ-साथ अनुदान, पारदर्शिता और परिणामों पर निगरानी रखते हुए मार्गदर्शन प्रदान करती है। कार्यक्रम का संचालन आईईसी की सदस्य सचिव, डॉ. उपासना कचरू द्वारा किया गया।

## समाज इवेंट

# बच्चों संग मिलकर महिलाओं ने लिया प्रकृति सहेजने संकल्प



**रायपुर।** ऑल इंडिया लायंस क्लब की महिलाओं ने शुक्रवार को शहर में वृक्षरोपण कर दिन को यादगार बनाया। महिलाओं ने दर्जन से अधिक फलदार पौधों का रोपण किया। इसके साथ ही सालभर देखभाल करने का संकल्प भी लिया। महिलाओं ने शासकीय नवीन प्राथमिक शाला पुरैना में वृक्षारोपण संग बच्चों के साथ समय बिताया। इस दौरान बच्चों को कॉपी, पुस्तक के साथ मिठाई व चॉकलेट के साथ जरूरतमंद चीजों का वितरण किया। कार्यक्रम में सुतेखा मुखर्जी, अपराजिता शर्मा, प्रियंका मिश्रा व क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

### अध्ययन पर करें फोकस

स्कूली छात्रों को संस्था सदस्यों द्वारा अध्ययन का महत्व समझाते हुए पढ़ाई पर फोकस करने की सीख दी गई। स्कूली छात्रों को बताया गया कि किस तरह से वे सत्र की शुरुआत से ही लक्ष्य निर्धारित करके अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं। अध्ययन सामग्री प्राप्त कर छात्रों के चेहरे भी खिले नजर आए। पर्यावरण संरक्षण सहित कई अन्य मुद्दों पर भी स्कूली छात्रों संग चर्चा की गई।

● राखी में भाइयों के नाम प्रिंट करवा रही बहनें, छोटे बच्चों के लिए अब भी कार्टून कैरेक्टर ही ट्रेंड में

# की-चेन और ब्रेसलेट के रूप में इस्तेमाल हो सकेंगी राखियां बीज वाली राखियां भी, ताकि फेंकने के बाद हो पर्यावरण रक्षा

**रक्षाबंधन से पूर्व बाजार सजने लगे हैं, जहां बहनें अपने भाइयों के लिए रंग-बिरंगे रक्षासूत्र खरीद रही हैं। अगले माह 19 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। इस वर्ष बच्चों के साथ-साथ बड़ों के लिए भी आकर्षक राखियों का बाजार सजाया गया है।**

**रायपुर।** प्रत्येक वर्ष बच्चों के मनपसंद कार्टून कैरेक्टर जैसे शिनचिन, मिकी मॉउस, टॉम एंड जेरी, मारियो, शिव, रोल नंबर-21, पोपी द सेलर, निंजा हटोरी, स्कूबी-डू, पोकेमॉन, मोटू-पतलू, ओगी संबंधित डिजाइनर राखियां लाई जाती हैं। छोटे बच्चों के लिए अभी भी कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां ही पसंद की जा रही हैं।

इसके अलावा इसवर्ष बड़े लोगों के लिए हैंडमेड राखियों की खरीदी में उछाल देखा जा सकता है। जहां हैडमेड राखियों की डिमांड सबसे अधिक है, वहीं इस अवसर पर बहनें अपने भाई के नाम की राखियां डिजाइन करा रही हैं। इसके साथ ही छोटी बहनों के लिए गिफ्ट हैंपर भी तैयार किया जा रहा है। महिला उद्यमियों के साथ ही शहर के लघु व्यापारियों द्वारा हैंडमेड राखियां तैयार की जा रही हैं, जिसकी कीमत 50 रुपए से ही शुरु है।

### रंग-बिरंगी मोतियों का हो रहा इस्तेमाल

मुस्कान लालवानी ने कहा, हैंडमेड राखियों में आरी वर्क की राखियां ट्रेंड में हैं। आरी वर्क की राखियों को फैब्रिक की मदद से डिजाइन किया जाता है। साथ ही रंग-बिरंगी मोतियों से बनी राखियां चलन में हैं, जिसे बच्चों के साथ बड़े भी कैरी कर सकते हैं। लाइट वेट होने के कारण लोग इसे अधिक पसंद कर रहे हैं। इसे राखी के बाद भी कैरी कर सकते हैं।







### छोटी बहनों के लिए नाम वाले हेयरबैंड, क्लिप्स

व्यवसायी कंचन ने कहा, इस वर्ष खरीदार राखियों की डिजाइन के आधार पर उन्हें खरीदना पसंद कर रहे हैं। यूनिक डिजाइन खरीदारों को अधिक आकर्षित कर रही है। इसमें कुंदन, मोती, स्टोन, जरी, पल्स से राखी तैयार हो रही है। साथ ही बच्चों के लिए नाम वाली राखियां डिजाइन की गई है, जिसे खरीदार अपने अनुसार कस्टमाइज करा रहे हैं। छोटी बहनों के लिए गिफ्ट हैंपर भी तैयार कराया जा रहा, जिसमें नाम वाला हेयरबैंड, नेकलेस, बो, क्लिप्स, लुंबा को शामिल किया जाता है। कंचन बताती हैं, उनके दुकान में अब तक 150 से अधिक हैंडमेड राखियों की ब्रिक्री हो गई है। राखी से पूर्व लगातार ऑर्डर मिल रहे हैं। राखियां बनाने के लिए कोलकाता, जयपुर, अहमदाबाद, मुंबई से वस्तुएं मंगाई जाती हैं।

### लुंबा को की-चैन की तरह किया डिजाइन

लघु व्यापारी मोना ने बताया, बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष खरीदार हैंडमेड राखियों की खरीदी अधिक संख्या में लोग कर रहे हैं। इसमें लुंबा और राखी जोड़ी में तैयार की जाती है। इस वर्ष आकर्षण के लिए प्रिंटेड लुंबा की-चेन ट्रेंड में है, जिसे लुंबा और की-चेन दोनों ही प्रकार से उपयोग में लाया जा सकता है। रक्षाबंधन में उपहार स्वरुप लोग गिफ्ट प्लेटर की खरीदी कर रहे, जिसे कई डिजाइन के साथ तैयार किया जाता है। गिफ्ट प्लेटर को कस्टमाइज ढंग से भी बनाया जा रहा है। दुकान में मौजूद प्रत्येक वस्तुओं की कीमत 50 रुपए से शुरु होकर आकार के अनुसार तय है।





### इको फ्रेंडली राखियां भी

पर्यावरण प्रेमियों द्वारा रक्षाबंधन को भी प्रकृति से जोड़ने की तैयारी की जा ही है। कई राखियों में बीज भी डाले जा रहे हैं, ताकि जब इन्हें फेंका जाए तो पौधे निकल आए। इसे तरह से डिजाइन किया गया है कि ये देखने में यूनिक लग रहे हैं। ये भी हैंडमेड ही हैं। इसमें ऐसे फलों और फूलों के बीज डाले गए हैं, जो आसानी से उग जाते हैं।



## बारिश थमते ही बतखों की अठखेलियां....








*रायपुर। लगातार बारिश के बाद शुक्रवार शाम मरीन ड्राइव के सेल्फी पाइंट में बतखों का झुंड लंबे समय के बाद एक साथ दिखाई दिया। पानी से बाहर निकलकर अठखेलियां करते दर्जनों बतखों के झुंड ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। यहां विशेष आकृति में की गई घास और पौधों की कटिंग भी लोगों को भा रही है। इन दृश्यों को लोग अपने कैमरे में कैद करते रहे।*

# स्वार्थ पर टिकी है दुनिया लोग जुड़ते हैं लाभ लेने

**रायपुर।** दादाबाड़ी में आत्मस्पर्शी चातुर्मास के सातवें दिन शुक्रवार को दीर्घ तपस्वी विरागमुनि ने कहा कि आज हर व्यक्ति अपना स्वार्थ सिद्ध करता है। पूरी दुनिया ही स्वार्थ पर टिकी हुई है। अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए व्यक्ति एक-दूसरे से जुड़ते हैं। एक-दूसरे के काम आते हैं, एक-दूसरे से संबंध बनाते हैं, अब केवल लाभ लेने के लिए। एक बार काम होने के बाद लोग दूसरों को भूल जाते हैं। काम करते तक लोग साथ रहते हैं। काम करवाते तक भी साथ रहते हैं और जब काम न हो तो व्यक्ति का साथ छोड़ देते हैं। यही दुनिया की रीत है। अगर यह दुनिया से गायब हो जाए तो समझ लेना संसार खत्म हो जाएगा। जब तक आप स्वार्थ वाला जीवन जियोगे, तब तक आप कभी मोक्ष की राह पर अग्रसर नहीं हो पाएंगे।

### घर में हर दिन महाभारत

मैं जैसा चाहूं वैसा होना चाहिए, मुझे जो अच्छा लगता है वैसा होना चाहिए। ये सब स्वार्थ है। यही स्वार्थ



चाहे आप घर में हो, परिवार में हो, संस्था में हो, मंडल में हो, संघ में हो, चाहे समाज में हो, आप अपनी ही चलाना चाहते हैं। सास चाहती है, मेरे अनुसार घर चले और बहू चाहती है कि वर्तमान के अनुसार उसके कहने पर घर का संचालन हो। जब इन दो स्वार्थ का टकराव होता है, तो महाभारत होता है। आज हमारे घर में हर दिन महाभारत हो रहा है।

## कार्नर न्यूज

खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट हंट का असेसमेंट कैंप : पूरे प्रदेश से पहुंचे बच्चे

# खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर दे रहे अंक, डाटा जाएगा केंद्र सरकार के पास, युवा प्रतिभाओं की खोज करने हो रहा प्रयोग

**रायपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण में खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट हंट 'कीर्ति' द्वारा असेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप की शुरुआत 22 जुलाई से हुई, जिसका संचालन 29 जुलाई तक होगा। इस दौरान वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, तीरंदाजी, फुटबॉल इन पांच खेलों को मुख्य रुप शामिल किया गया है। बूढ़ातालाब स्थित इंडोर स्टेडियम में सुबह 7 बजे से टैलेंट हंट की शुरुआत होती है, जहां प्रदेशभर के अनेक स्थानों से खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। युवा खेल प्रतिभाओं की खोज और पोषण के लिए खेलों इंडिया राइजिंग टैलेंट हंट कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जमीनी स्तर के एथलीटों का खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत विभिन्न खेल विषयों में मूल्यांकन किया जाएगा। इसका कार्य राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट प्रतिभागियों की पहचान करना है, पंजीयन के पश्चात खिलाड़ियों का डाटा सरकार के पास चला जाएगा। इसमें संस्था, क्लब, संगठन, सरकारी व निजी विद्यालयों के विद्यार्थी हिस्सा ले सकते हैं।



### 1379 खिलाड़ियों ने कराया है पंजीयन

श्वेता त्रिवेदी ने बताया, भारत सरकार द्वारा प्रत्येक राज्य में खेलों इंडिया राइजिंग टैलेंट हंट का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य नन्हे बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। इसमें 9 से 18 वर्ष की आयु के छात्र पंजीयन करा सकते हैं। अब तक वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, तीरंदाजी, फुटबॉल में 1379 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है। यह आयोजन किसी भी प्रकार का प्रतियोगिता नहीं है, यहां केवल बच्चे अपना पंजीयन कराकर अपने मनपसंद खेल कला का प्रदर्शन करते हैं। उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हें अंक दिए जा रहे हैं।



### भिलाई की जुड़वा बहनों का शानदार प्रदर्शन

केंद्र प्रभारी व वॉलीबॉल कोच केसी त्रिपाठी ने बताया, आयोजन में अनेक शहर से बच्चों ने हिस्सा लिया है। समान्य टेस्ट के साथ, हाइट, वजन, बॉल थ्रो जैसे कई टेस्ट के आधार पर खिलाड़ियों को नंबर दिया जा रहा। इसमें 1 से 5 नंबर के बीच बच्चों की योग्यता के अनुसार नंबर दिया जा रहा है। अब तक लगभग 189 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है। भिलाई की जुड़वा बहनों के प्रदर्शन ने सबका ध्यान खींचा, जो 9वीं कक्षा की विद्यार्थी थी। उन्होंने वॉलबॉल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### तीरंदाजी बच्चों की पहली पसंद

तीरंदाजी कोच सतीश कुमार दुबे ने बताया, कैंप में बस्तर, रायगढ़, महासमुंद से भी खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। तीरंदाजी बच्चों को आकर्षित करने वाला खेल है, जिसे देखकर ही बच्चे पंजीयन करा रहे। इसमें हाइट, वेट, शारीरिक फुर्ती, एकाग्रता, खेल के प्रति रुझान को देखकर बच्चों को नंबर दिया जा रहा। कैंप में कुछ अनुभवी खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया, जिनका प्रदर्शन भी बेहतर रहा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### पेरिस ओलम्पिक में आब्जर्वर के रूप में भाग ले रहे राजेन्द्रन



**रायपुर।** इंटरनेशनल ओलम्पिक कमेटी द्वारा 33वें ओलम्पिक खेल का आयोजन पेरिस (फ्रांस) में 26 जुलाई से शुरू हो गया है, जो 11 अगस्त तक चलेगा। पेरिस ओलम्पिक खेल 2024 में भारत के 16 खेलों एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिन्टन, बॉक्सिंग, घुड़सवारी, गोल्फ, हाकी, जूडो, रोविंग, सेलिंग, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, भारोत्तोलन एवं कुश्ती के 117 खिलाड़ी भाग ले रहे है। पेरिस ओलम्पिक खेल में बाक्सिंग खेल का आयोजन 27 जुलाई से 04 अगस्त तक किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बाक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आर. राजेन्द्र को बाक्सिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। आर. राजेन्द्रन दिनांक 25 जुलाई को रायपुर से दिल्ली होते हुये पेरिस के लिये रवाना हुये। आर. राजेन्द्रन बाक्सिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के सहसचिव भी है। वे बाक्सिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के इंटरनेशनल टेक्निकल ऑफिशल्स क्वालीफाइड 2023, रिंग ऑफिसियल कमीशन के डेपुटी चेयरमेन तथा टेक्निकल एवं रुल्स कमिशन के सचिव भी है।

राजेन्द्रन की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बाक्सिंग एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जूड राड्रिक्स, उपाध्यक्ष डा. दुर्गेश अवस्थी, नूतन सिंह ठाकुर, नरेश डाकलिया, महासचिव चूड़ामणि ठाकुर, सहसचिव रंगनाथन, नवीन दास, कोषाध्यक्ष सुरेश एवं कार्यकारिणी सदस्य सतीश यादव, वरिष्ठ बाक्सर लालमन यादव, पी.के. राय, कुलदीप सोनकर सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बाक्सिंग एसोसिएशन के समस्त जिलों/इकाई के अध्यक्ष सचिव एवं राज्य के खिलाड़ियों ने शुभकामनाये दी हैं।

### जुजित्सु प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने जीते 8 पदक



**रायपुर।** प्रथम वेस्ट जोन जुजित्सु प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश के देवास शहर में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में जुजित्सु एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव राणा अजय सिंह, अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में रायपुर जिला से 4 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमे सभी खिलाड़ी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किया। खिलाड़ी 3 खेल स्पर्धा नेवजा, फाइटिंग एवं कॉन्टैक्ट इवेंट में भाग लेकर 2 स्वर्ण, 4 रजत एवं 2 कांस्य पदक जीते। विजेता खिलाड़ियों में हर्षा सेन ने फाइटिंग इवेंट में स्वर्ण, कॉन्टैक्ट इवेंट में स्वर्ण, दीप्ति साहू ने नेवाजा में रजत, कॉन्टैक्ट में रजत, संजना कनौजिया ने नेवाज़ा में रजत कॉन्टैक्ट में कांस्य, चंचल यादव ने कॉन्टैक्ट में रजत, नेवाजा में कांस्य जीता। जुजित्सु एसोसिएशन ऑफ रायपुर के सचिव सूरज वर्मा, उपाध्यक्ष उमेश सिंह ठाकुर एवं कोच अजय तिवारी, अजय साहू, विशाल हियाल, चांदनी दीवान, डॉली नायक ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

### राष्ट्रीय सीनियर नेटबॉल में छत्तीसगढ़ का विजयी आगाज़



**रायपुर।** हरियाणा में आयोजित 42वीं राष्ट्रीय सीनियर नेटबॉल में छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम का पहला मुकाबला एक तरफ़ा जीत से शुरु हुआ। पहले मैच में तमिलनाडु के साथ मुकाबला हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम ने एक तरफ़ा तमिलनाडु को 26-04 से मात दी। टीम के खिलाड़ियों में बेहतरीन प्रदर्शन किये जिनमे हर्षित उपाध्याय (कप्तान ) ने 11 बास्केट किये, संदीप वर्मा ने 10 बास्केट निर्धारित समय में किये। टीम में शामिल खिलाड़ियों में हर्षित उपाध्यक्ष (कप्तान), संदीप वर्मा, अर्जुन पाण्डेय, प्रशांत, शैलेन्द्र, मनीष यादव, खिलेश्वर, अनिल सिंह, निहाल पाण्डेय, रोशन और अनूप यदु है। यह जानकारी टीम के साथ गए मुख्य कोच प्रशांत जेकब ने दी।

खुद को शांत करने आपको लेनी चाहिए एक्सपर्ट के टिप्स की मदद

# एंग्जायटी अटैक आपके परीक्षा की घड़ी दिमाग को रखेंगे शांत तो उबर ही जाएंगे

अपने दिल का हाल कई बार कुछ लोग किसी के साथ नहीं बांट पाते हैं। तनाव उन्हें अंदर ही अंदर परेशान करता रहता है और इसकी वजह से उनकी सेहत भी खराब होने लगती हैं। यूं तो हम सभी किसी न किसी चीज को लेकर तनाव में हैं। लेकिन, लंबे वक्त तक स्ट्रेस में रहना आपको बीमार कर सकता है। एंग्जायटी आज एक कॉमन समस्या बन गई है। कई बार लोग इसे मजाक में लेते हैं या फिर आस-पास अगर कोई इस दिक्कत से परेशान हैं, तो उसे समझने की कोशिश नहीं करते हैं। बता दें कि एंग्जायटी के कई कारण हो सकते हैं। जब किसी को एंग्जायटी अटैक आता है, तो दिमाग को शांत करना बहुत जरूरी होता है। यहां हम आपको कुछ ऐसी टेक्नीक के बारे में बता रहे हैं, जो एंग्जायटी अटैक आने पर दिमाग शांत करने में मदद कर सकती हैं। इस बारे में डॉक्टर विनीत बंगा, डायरेक्टर न्यूरोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल, फरीदाबाद जानकारी दे रहे हैं।



### गहरी सांस लें

जब आपको एंग्जायटी अटैक आए, तो सबसे पहले गहरी सांस लें। धीरे और गहरी सांस लेना, नर्वस सिस्टम को आराम दे सकता है। आपको चार के काउंट पर नाक से गहरी और धीरे सांस लेनी है, चार के काउंट पर ही इसे होल्ड करना है और फिर छोड़ देना है। जह तक आप रिलैक्स फील न करें, इसे दोहराते रहें।

### ग्राउंडिंग टेक्नीक

इसमें आपको खुद को वर्तमान में रहने के लिए समझाना है। अपने आस-पास 5 चीजों को देखे और उनके नाम दें, चार चीजों को छुएं, आस-पास तीन चीजों को सुनें और दो चीजों को स्मैल करें। इसके बाद एक चीज को चखें। इस तरह आप एंग्जायटी से अपने दिमाग को हटा सकती हैं।



### मसल्स रिलैक्सेशन

अपनी मांसपेशियों को आराम देने की कोशिश करें। पैर के पंजे से लेकर सिर तक, धीरे-धीरे सभी मांसपेशियों को आराम दें। एक जगह पर आराम से बैठ जाएं या लेट जाएं। इससे फिजिकल टेंशन कम होती है और आराम मिलता है।

### अच्छी चीजों के बारे में सोचें

अपनी आंखों बंद करें और किसी अच्छी और शांत चीज के बारे में सोचें। किसी बीच या जंगल के बारे में सोचें। पत्तियों पर, लहरों की आवाज पर फोकस करें। इससे आपका दिमाग शांत होगा। आप उन अच्छी चीजों के बारे में भी सोच सकती हैं, जो आप अपनी जिंदगी में चाहती हैं।

### मेडिटेशन करें

जब आपको एंग्जायटी अटैक आए, तो सबसे पहले अपनी सोच को थामने की कोशिश करें। वर्तमान में रहें और सभी विचारों व जजमेंट्स को कुछ देर के लिए छोड़ दें। अपनी सांस पर ध्यान दें और सारे विचारों को जाने दें। इससे एंग्जायटी अटैक धीरे-धीरे कम होगा।एंग्जायटी अटैक होने पर दिमाग को शांत करने में एक्सपर्ट के ये टिप्स मदद कर सकते हैं। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं।

## शिवलिंग पर चढ़ा हुआ प्रसाद खाने से क्या होता है? जानें पूजा विधि

शास्त्रों में बताया गया है कि शिवलिंग पूजा के दौरान कई नियमों का पालन करना पड़ता है नहीं तो पूजा में दोष उत्पन्न होता है और शुभ फलों की प्राप्ति नहीं हो पाती है। ऐसा ही एक नियम है शिवलिंग पर चढ़े हुए प्रसाद से संबंधित।

हिन्दू धर्म में शिवलिंग पूजा का विशेष विधान मौजूद है। शास्त्रों में बताया गया है कि शिवलिंग पूजा के दौरान कई नियमों का पालन करना पड़ता है नहीं तो पूजा में दोष उत्पन्न होता है और शुभ फलों की प्राप्ति नहीं हो पाती है। ऐसा ही एक नियम है शिवलिंग पर चढ़े हुए प्रसाद से संबंधित। मान्यता है कि शिवलिंग पर चढ़ाया हुआ प्रसाद कभी नहीं खाना चाहिए। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं इसके पीछे का कारण। शास्त्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि जब भी कोई व्यक्ति किसी भी देवी- या देवता को कुछ अर्पित करता है तो उस प्रसाद के कई भाग होते हैं तो अलग-अलग देवी-देवताओं को स्वतः ही चले जाते हैं। हर देवी-देवता का व्यक्ति द्वारा भगवान को चढ़ाए गए प्रसाद में एक हिस्सा होता है। ठीक ऐसे ही शिवलिंग पर चढ़ाया हुआ प्रसाद चंडेश्वर भगवान को जाता है जो भगवान शिव के ही एक अंश माने जाते हैं। चंडेश्वर भगवान शिव जी के मुख से उत्पन्न हुए थे और स्वभाव से बहुत क्रोधी हैं। चंडेश्वर भगवान को भूत-पिशाचों का देवता माना जाता है। चंडेश्वर भगवान को ही शिवलिंग पर चढ़ाया प्रसाद अर्पित होता है। ऐसा माना जाता है कि जो भी कोई व्यक्ति शिवलिंग पर चढ़ाया प्रसाद खाता है उस पर चंडेश्वर भगवान का क्रोध बरसता है। शिवलिंग पर चढ़ाए प्रसाद को लेकर एक मान्यता और भी है।



## सेंधा नमक के अलावा उपवास में दूसरे नमक भी कर सकते हैं इस्तेमाल



व्रत या उपवास में लोग टेबल सॉल्ट का उपयोग नहीं करते हैं। इसकी जगह सेंधा नमक खाया जाता है। इस आर्टिकल में हम आपको बताने वाले हैं कि सेंधा नमक के अलावा आप और कौन-कौन से नमक से खाना बना सकते हैं।

उपवास कई संस्कृतियों और धर्मों में एक आम प्रथा है, जिसमें अक्सर कुछ खाद्य पदार्थों और इंग्रीडिएंट्सस से परहेज किया जाता है। भारत में कई सारे महत्वपूर्ण त्योहार मनाए जाते हैं, जिनमें लोग व्रत रखकर मनोकामना की पूर्ति के लिए अर्चना करते हैं। हमारी संस्कृति में भी उपवास के नियमों को स्ट्रिक्टली फॉलो किया जाता है।

तमाम नियमों से एक नियम ऐसा है कि उपवास के खाने में टेबल सॉल्ट का उपोयग नहीं किया जा सकता है। व्रत के दौरान शुद्ध चीजों का सेवन किया जाता है और टेबल सॉल्ट कई रिफाइनिंग प्रक्रिया से गुजरता है, इसलिए इसे आहार में शामिल नहीं किया जाता है। इस आर्टिकल में हम आपको बताने वाले हैं कि आप इसकी जगह कौन-कौन से नमक का सेवन कर सकते हैं।

**सेंधा नमक:** सेंधा नमक, उपवास के दौरान सबसे ज्यादा खाया जता है। इसे टेबल सॉल्ट की तरह रिफाइन नहीं किया जाता है और यह प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह कम से कम रिफाइन होता है, जिससे इसके आवश्यक खनिज बरकरार रहते हैं। वहीं, यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट के संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। इसे आप सलाद में डाल सकते हैं। खाने में इसका उपयोग हो सकता है और हर तरह के व्रत वाले व्यंजन में इसका उपयोग किया जा सकता है।

**सैंधव नमक:** क्या आपको इस नमक के बारे में मालूम है? कहते हैं कि पंजाब के क्षेत्र में पाया जाता है और सेंधा नमक का ही दूसरा रूप होता है। इसे आयरन जैसे ट्रेस मिनरल से अपना विशिष्ट गुलाबी रंग मिलता है।



## चेहरा झूल रहा तो इन दो एक्सरसाइज से घटेगा फैट

यूं तो शरीर के किसी भी हिस्से पर जमी चर्बी अच्छी नहीं लगती है। लेकिन, चेहरे की चर्बी की वजह से आपका पूरा लुक खराब हो सकता है। इसके कारण, आप उम्र से बड़ी नजर आ सकती हैं। गलत खान-पान के अलावा भी चेहरे की चर्बी के कई कारण हो सकते हैं। इसमें स्ट्रेस भी शामिल है। स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल के बढ़े होने पर भी पेट और चेहरे के इर्द-गिर्द चर्बी जमने लगती है। फेस फैट को बर्न करने के लिए, कई फेशियल एक्सरसाइज कारगर है। इसके साथ ही, आपको खान-पान, हेल्दी लाइफस्टाइल और स्ट्रेस लेवल कम करने पर भी ध्यान देना होगा। अधिक शुगर और नमक लेने से भी फेस फैट बढ़ सकता है। अगर आप बढ़े हुए फेस फैट से परेशान है, तो एक्सपर्ट की बताई ये एक्सरसाइज आपकी मदद कर सकती हैं। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नताशा कपूर जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड योगा टीचर हैं।

### नेक रोलिंग एक्सरसाइज

चेहरे के फैट और डबल चिन को कम करने में यह एक्सरसाइज मदद कर सकती है। यह बहुत आसान है। इसे एक्सपर्ट से बताए तरीके से करें। सबसे पहले गर्दन को सीधे कंधे की तरफ झुकाएं। गर्दन सीधे कंधे की तरफ से झुकी रहे और चेहरे को ऊपर की तरफ उठाएं। ऐसा करते हुए आपको अपने ठोड़ी पर दबाव महसूस होगा। आपको चिन पर बहुत अधिक दबाव नहीं डालना है। जब




हल्का स्ट्रेच लगे, तब फेस को उसी पोजिशन में छोड़ दें। अब धीरे-धीरे गर्दन को दूसरे कंधे की तरफ ले जाएं। दूसरी तरफ भी आपको इसी तरह स्ट्रेच करना है। ऐसा आपको 5-7 बार करना है। जब आप ऐसा करने में कम्फर्टेबल हो जाएं, तो इसे 10-15 बार भी कर सकती हैं।

### नेक राउंड एक्सरसाइज

इसके लिए सबसे पहले एक जगह पर बैठ जाएं।आप इसे कुर्सी पर बैठकर भी कर सकती हैं।अपने दोनों हाथों को घुटनों पर रखें।अब धीरे-धीरे गर्दन पीछे की तरफ ले जाएं।गर्दन को पीछे की तरफ ले जाएं।ऐसा करते हुए छाती में सांस को भरें।अब आपको गर्दन को घड़ी की सुई की तरह घुमाना है। आप पहले गर्दन को क्लॉकवाइस घुमाएं। इसके बाद गर्दन को एंटीक्लॉकवाइस घुमाएं। ऐसा आपको 10 बार करना है। इससे डबल चिन और गर्दन के आस-पास जमा फैट भी कम होगा।

इन 2 एक्सरसाइज की मदद से आप फेस फैट को कम कर सकती हैं। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के नीचे दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 7987119756

Furniture'sway
अब डायरेक्ट फैक्ट्री से फर्नीचर बनवाएं
वह भी मार्केट से 10 से 30% कम दाम पर
Register now www.furnituresway.com 9826949400, 9826949402

Trust of 44 Years
बलदेव फर्नीचर
Exclusive Furniture Showroom
मानसून ऑफर स्पेशल डिस्काउंट
झुला New Range Available
फर्नीचर की उत्कृष्ट श्रृंखला
गुरूनानक चौक एवं जनक बाड़ा, रायपुर 0771-4047333, 6262156666

ALLFINE
ए-वन मोटर्स
इ- रिक्शॉ एवं इ-कार्गो
रायपुर में पहली बार
200 Km. माइलेज के साथ ई-रिक्शा
डाउनपेमेंट 25000 से शुरू
RAJHANS
देशबंधु प्रेस के सामने, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.) 98271 92369, 90099 77768

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544 D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर

मैट्रेस 6x6 2300/- सिर्फ
प्रोटेक्टर डबल बेड 700/- सिर्फ
सोफा कमबेड बीन बैग
EP फोम गद्दा चैन कव्हर लगा 3x6=400/-
मैट्रेस 3x6=1100/- 4x6=1500/- सिर्फ
पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
Mattress 30 से 50% लेस
रुई गद्दा 220/- रुई गद्दा 700/- (15 किलो 4x6) रुई गद्दा 4x6=600/-
संजय रुई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'ट्रांसफॉर्मर्स वन' का नया ट्रेलर जारी, भाइयों से दुश्मन बने ऑप्टिमस प्राइम



पैरामाउंट पिक्चर्स ने 'ट्रांसफॉर्मर्स वन' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी किया है, जो ट्रांसफॉर्मर्स फ्रेंचाइजी का एक एनिमेटेड प्रीक्वल है। जोश कूली द्वारा निर्देशित 'ट्रांसफॉर्मर्स वन' प्रशंसकों को साइबरट्रॉन के महानतम योद्धाओं की उत्पत्ति की दुनिया में वापस ले आया है। एनिमेटेड फिल्म में ओरियन पैक्स की उत्पत्ति को दिखाया गया है, जिसे ऑप्टिमस प्राइम और डी-16 उर्फ मेगाट्रॉन के नाम से जाना जाता है। ऑप्टिमस प्राइम को क्रिस हेम्सवर्थ द्वारा आवाज दी गई है और मेगाट्रॉन को हेनरी द्वारा आवाज दी गई है। फिल्म में साइबरट्रॉन ग्रह पर उनके बीच बदलती स्थिति को दिखाया गया है। हेम्सवर्थ ने एक युवा ऑप्टिमस प्राइम को आवाज दी है, जिसे पहले ओरियन पैक्स के नाम से जाना जाता था। ट्रेलर में उनके साधारण श्रमिक बॉट्स से लेकर साइबरट्रॉन को धमकी देने वाले एक रहस्यमय खलनायक से लड़ने के लिए शक्तिशाली योद्धा बनने तक की उनकी यात्रा दिखाई गई है। ट्रेलर साझा करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'भाइयों की तरह बने। दुश्मनों में तब्दील हो गए। उस मूल को देखें, जिसने हमारी दुनिया को बदल दिया। ट्रांसफार्मर्स वन का नया ट्रेलर देखें। फिल्म 20 सितंबर को सिर्फ सिनेमाघरों में देखें।' यह फिल्म ओरियन पैक्स और डी-16 के बीच गहरे बंधन के बारे में बताती है। साथ ही उन घटनाओं को उजागर करती है, जो अंततः उनके महाकाव्य संघर्ष का कारण बनीं। जोश कूली ने फिल्म का निर्देशन किया है। ट्रेलर का अनावरण 2024 सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में किया गया था। पैनल के अंत में बिल्कुल नए ट्रेलर का प्रीमियर हुआ और इसमें फिल्म के कई नए फुटेज शामिल थे, जिनमें से अधिकांश को फिल्म के तीन विस्तारित क्लिप में भी दिखाया गया था। ट्रांसफॉर्मर्स वन इस साल 20 सितंबर को सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है।

### टॉलीवुड

## 'तौबा तौबा' के बाद अब इस गाने का हुक स्टेप मचाएगा खूब धमाल



राम चरण की नई फिल्म 'गेम चेंजर' पर तीन साल से काम चल रहा है। अभी तक इस बात की सटीक जानकारी नहीं मिल पाई है कि फिल्म कब रिलीज होगी। राम चरण के प्रशंसक इसे देखने के लिए जितने उतावले हो रहे हैं, उतने ही उदास भी हो रहे हैं। इसी बीच, उनकी उदासी को कम करने के लिए 'गेम चेंजर' से जुड़ी एक जानकारी सामने आ रही है। 'गेम चेंजर' का एक गाना 'जरागंडी' रिलीज हो चुका है। फिलहाल इसका लिरिकल वीडियो ही जारी किया गया है। इसे संगीतकार थमन ने तैयार किया है, जो इन दिनों तेलुगु इंडियन आइडल शो में बतौर जज के रूप में नजर आ रहे हैं। इस शो में उन्होंने 'जरागंडी' गाने के हुक स्टेप पर एक मजेदार बात साझा की। दरअसल, तेलुगु इंडियन आइडल शो में एक प्रतिभागी ने थमन के बनाए 'जरागंडी' गाने को गाया। इसके बाद थमन भी खुद को बोलने से रोक नहीं पाए। उन्होंने कहा कि इस गाने के हुक स्टेप को देखकर लोग पागल होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि लिरिकल वीडियो में जानबूझकर हुक स्टेप को छिपाया गया है। उन्हें उम्मीद है कि लोग इसे बड़े परदे पर देखेंगे तो जमकर आनंद लेंगे। 'गेम चेंजर' का निर्देशन शंकर कर रहे हैं। इन दिनों उनकी फिल्म 'इंडियन 2' सिनेमाघरों में चल रही है। 'गेम चेंजर' में राम चरण के साथ-साथ कियारा आडवाणी भी दिखाई देंगी। एक साक्षात्कार में उन्होंने 'जरागंडी' गाने को लेकर कहा था कि यह उनके लिए सबसे चुनौतीपूर्ण गाना था। मालूम हो कि इस फिल्म का निर्माण दिल राजू द्वारा किया गया है। यह एक राजनीतिक एक्शन ड्रामा फिल्म है।

### छॉलीवुड

## डार्लिंग प्यार झुकता नहीं-2 में दादाजी बने विनायक अग्रवाल



भारती वर्मा द्वारा निर्देशित छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म डार्लिंग प्यार झुकता नहीं पार्ट-2 में चरित्र अभिनेता और रंगकर्मी विनायक अग्रवाल एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे हैं। 1 नवंबर 2024 को छत्तीसगढ़ के सभी सिनेमा घरों में रिलीज होने वाली इस फिल्म के नायक हैं अमलेश नागेश और विनायक अग्रवाल इस फिल्म में नायक के दादाजी की भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। अमलेश के साथ उनकी हालिया फिल्म हंडा भी दर्शकों द्वारा खूब पसंद की जा रही है। इस फिल्म में सुब्रत शर्मा नायिका के पिता की भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग शिवरीनारायण में हुई थी। अमलेश नागेश इसी मूवी के पार्ट 1 में सपोर्टिंग रोल में दिखे थे। इस फिल्म में उनके साथ एक्ट्रेस दीक्षा जायसवाल नजर आएंगी।

## कैमरे में कैद फैशन




हर मौसम में, डिजाइनर अपने नए कलेक्शन खरीदारों और फैशन संपादकों/लेखकों के सामने पेश करते रहे हैं। इन्हें कैमरे में कैद करने प्रतिष्ठित फोटोग्राफरों में होड़ रहती है। हालाँकि न्यूयॉर्क, लंदन, मिलान और पेरिस फैशन वीक की इनसे एक अलग मिसाल हैं। आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैशन वीक की संख्या कई गुना बढ़ गई है। अमेरिका और दुनिया भर के कई शहर फैशन वीक के अपने संस्करण की मेजबानी करते हैं, इसलिए आपके लिए स्थानीय रूप से शूट करने का अवसर होने की संभावना है, चाहे आप फिलाडेल्फिया, कोपेनहेगन, टोक्यो या कहीं और रहते हों। दुनिया भर के फैशन शो को अपने कैमरे में कैद करना भी एक विधा है।

## बढ़ सकती है मुंहासों की समस्या अगर आप भी करती हैं ये गलतियां

मुंहासों की समस्या कभी हो सकती है। इस समस्या से निजात पाने के लिए महिलाएं कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं तो वहीं कई उपाय भी करती हैं। इन दोनों चीजों का इस्तेमाल करने से ये समस्या कम हो जाती हैं। लेकिन, अगर आप इस आर्टिकल में बताई गयी गलतियां करती हैं तो मुंहासों की समस्य बढ़ सकती हैं।

### चेहरे को रखें साफ

मुंहासों की समस्या होने पर स्किन को अच्छी तरह से साफ करें और इसके लिए आप फेस वॉश का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं किस फेस वॉश आपके लिए बेस्ट रहेगा इसके लिए आप किसी एक्सपर्ट या डॉक्टर की मदद से सकती हैं।फेस वॉश की मदद से चेहरे को दो या तीन बार साफ करें। साथ डॉक्टर की सलाह लिए बिना किसी भी तरह के प्रोडक्ट्स और उपाय को न आजमाएं



### मेकअप का कम करें इस्तेमाल

अगर आप चेहरे पर मेकअप का लगा रही हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि चेहरे पर हो सकने तो कम मेकअप का इस्तेमाल करें। ज्यादा मेकअप का इस्तेमाल करने से मुंहासों की समस्या बढ़ सकती है।

### मेकअप को करें साफ

चेहरे पर मेकअप इस्तेमाल करने के दौरान इस बता का खास ध्यन रखे कि रात के समय मेकअप को साफ करके ही सोएं। अगर आप बिना मेकअप हटाएं सो जाती हैं तो मुंहासों की समस्या बढ़ सकती हैं।

### स्क्रब का न करें इस्तेमाल

स्क्रब का इस्तेमाल करने से भी मुंहासों की समस्या बढ़ सकती हैं। वहीं ऐसे में मुंहासों की समस्या बढ़ सकती हैं। वहीं जब मुंहासे हो तो स्क्रब का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

### धूप में जाने से बचें

मुहांसे की समस्या ज्यादा न बढ़ें इसके लिए आप धूप में जाने से बचें। धूप की अल्ट्रा वॉयलेट रेज चेहरे के लिए हानिकारण है और इसी वजह से ये समस्या बढ़ सकती है।

## आपके कलेक्शन में जरूर होनी चाहिए कढ़ाई बॉर्डर वाली साड़ियां




साड़ी एवरग्रीन पहनी जाती है। इसमें आपको कई सारे डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे, लेकिन लगभग हर तरह के फंक्शन पर बॉर्डर वर्क वाली साड़ियों को पहना जाता है। मार्केट में आपको बॉर्डर डिजाइन की साड़ियों के काफी पैटर्न देखने को मिल जाएंगे।

बॉर्डर वर्क साड़ी की बात करें तो इसमें सबसे ज्यादा कढ़ाई वर्क को पसंद किया जाता है। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं कढ़ाई वाले बॉर्डर साड़ी के कुछ नए डिजाइंस, जिन्हें आप कभी भी पहन सकती हैं। साथ ही, बताएंगे इन्हें स्टाइलिश लुक देने के आसान टिप्स-



### फ्लोरल डिजाइन साड़ी

फ्लोरल साड़ी में आपको प्रिंटेड डिजाइन भी देखने को मिलेंगे, लेकिन कढ़ाई वाले बॉर्डर की बात ही अलग होती है। वहीं इसमें आपको एक साथ में ही कई रंगों की कारीगरी भी देखने को मिल सकती है। इसके साथ में आप बारीक पाइपिंग भी लगवाकर साड़ी को स्टाइलिश लुक दे सकते हैं।

### गोटा-पट्टी लेस वर्क साड़ी

हैवी और फैंसी साड़ी पहनना पसंद करती हैं तो लेस वर्क में आजकल मीडियम चौड़ी लेस वाली गोटा-पट्टी डिजाइन को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इस तरह के साड़ी लुक किसी शादी या पार्टी में कैरी सबसे ज्यादा किए जाते हैं। इस लुक में जान डालने के लिए आप एक से अधिक डिजाइन की लेस से लेयर को बढ़ा सकते हैं। गोल्डन इयररिंग्स को स्टाइल करें।

### चौड़े बॉर्डर वाली साड़ी

चौड़े बॉर्डर वाली साड़ियां देखने में तो हैवी नजर आती हैं, लेकिन ये साड़ियां छोटे ब्रेस्ट साइज शेप के लिए बेस्ट होती हैं। हैवी ब्रेस्ट साइज अगर चौड़े बॉर्डर वाली साड़ी को पहनते हैं तो उनका बॉडी शेप अलग सा नजर आ सकता है। इस तरह की साड़ी के साथ में आप बालों में जुड़ा बनाकर गजरे से स्टाइल करें।

## ऑफिस में रोजाना पहनने के लिए परफेक्ट रहेंगे इयररिंग्स के डिजाइंस



ऑफिस जाना हो या किसी फॉर्मल फंक्शन में, हम सभी को स्टाइलिश दिखना पसंद तो होता ही है। कपड़ों के अलावा स्टाइलिश दिखने के लिए एक्सेसरीज का रोल भी अहम होता है। एक्सेसरीज में सबसे ज्यादा हम किसी भी लुक के साथ में इयररिंग्स को पहनना पसंद करते हैं।

कुर्ती हो या ड्रेस, इयररिंग्स आपके लुक को अपग्रेड करने में मदद करने में कामयाब हो सकता है। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं ऑफिस में पहनने के लिए इयररिंग्स के खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन्हें स्टाइलिश लुक देने के टिप्स-

**झुमकी डिजाइन इयररिंग्सः**झुमकी इयररिंग्स एवरग्रीन ट्रेंड में रहते हैं। वहीं इसे इंडो-वेस्टर्न से लेकर ट्रेडिशनल लुक के साथ स्टाइल किया जा सकता है। कुर्ती या चिकनकारी स्टाइल टॉप के साथ में इस तरह की झुमकी बेस्ट लुक देने में मदद करती है। झुमकी में आपको कई तरीके के साइज देखने को मिल जाएंगे, लेकिन इसके लिए आप फेस शेप के अनुसार ही डिजाइन और आकार को चुनें।

**मॉडर्न डिजाइन इयररिंग्सः** मॉडर्न लुक यानी वेस्टर्न वियर के कपड़े पहन रही हैं तो इसके लिए आप इस तरह के छोटे साइज बो, हार्ट वाले मॉडर्न पैटर्न के इयररिंग्स को पहन सकती हैं।

## बारिश के मौसम में हेयर स्पा करवाते समय इन बातों का रखें खास ध्यान

बारिश के मौसम में जहां स्किन की केयर करना सबसे जरुरी है साथ इस मौसम में बालों क अभी ध्यान रखना चाहिए, ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में बालों से जुड़ी कई सारी समस्य शुरू हो जाती है। इस मौसम में बालों के टूटने झड़ने साथ ही इनके बेजान और दो-मुंहे होने की समस्य भी हो जाती हैं। वहीं इस समस्या से निजात पाने के लिए महिलाएं हेयर स्पा का सहारा लेती हैं। लेकिन, मानसून सीजन में हेयर स्पा करवाने के दौरान कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए ताकि इस सीजन हेयर स्पा करवाने की वजह से बालों को नुकसान न हो।

### हेयर स्पा करवाने से पहले न करें ये काम

हेयर स्पा करवाने 24 घंटे पहले किसी भी तरह ऑइल साथ ही हेयर मास्क का का इस्तेमाल न करें। अगर अपने किसी भी तरह का तेल या हेयर मास्क का इस्तेमाल किया है तो इस बात की जानकारी हेयर स्पा सेंटर की एक्सपर्ट को जरूर दें ताकि बालों को किसी तरह का नुकसान न हो।

हेयर स्पा करते समय बालों को अच्छी तरह से साफ किया जाता है साथ ही हेयर क्रीम, हेयर मास्क और



कंडीशनर साथ ही इन्हें मॉइश्चराइज करके स्टीम भी किया जाता है। इसी वजह से हेयर स्पा कराने के दौरान किसी भी तरह की चीजों को बालों पर अप्लाई न करें।

### हेयर स्पा करवाने के बाद न करें ये काम

हेयर स्पा करवाने के बालों को कवर करके रखें साथ ही बिना एक्सपर्ट की मदद के किसी भी तरह चीजें या होम रेमेडी का इस्तेमला न करें। वहीं स्पा करने के बाद बालों पर हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल न करें। ऐसा करने से बालों से जुड़ी समस्या शुरू हो सकती है।

कार्नर न्यूज

### कुछ बातों का ध्यान रख बचा जा सकता है इस हालत से

## मानसून में पुरुषों के ज्यादा झड़ते हैं बाल, जरूरी टिप्स के साथ रखें ध्यान

*मानसून यानी बरसात का मौसम अपने साथ स्किन ही नहीं, बल्कि बालों से जुड़ी समस्याएं भी लेकर आता है। वहीं इस सीजन में पुरुषों को हेयर फॉल की समस्या काफी होने लगती है। हालांकि अगर वह कुछ तरीकों को अपनाएं तो बारिश के मौसम में झड़ते बालों से छुटकारा पा सकते हैं। दरअसल, बारिश के दिनों में पुरुषों के बाल काफी ज्यादा कमजोर हो जाते हैं, जिसकी वजह से उन्हें हेयर फॉल की समस्या होने लगती है। ऐसे में इन दिनों में पुरुषों को बालों का ख्याल रखने के लिए कुछ टिप्स फॉलो कर सकते हैं। इससे उन्हें झड़ते बालों की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। बारिश के दिनों में पुरुषों को अपने बालों का ऐसे रखना चाहिए ध्यान।*



**शैंपू करें:** मानसून के दिनों में बारिश के अलावा हवा में भी बैक्टीरिया मौजूद होते हैं, जो बालों को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में बालों की जड़ों को साफ रखने के लिए रोजाना शैंपू जरूर करें। ऐसा करने पर बालों की जड़े हमेशा साफ रहेंगी।

**मालिश करें :** मानसून का सीजन ऐसा होता है, जिसमें बाल काफी ज्यादा कमजोर हो जाते हैं। ऐसे में बालों को मजबूती देने के लिए जरूरी है, कि हफ्ते में 2 से 3 बार बालों की तेल से अच्छे मालिश करें। इसके लिए आप जैतून के तेल, नारियल तेल और सरसों के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**हेयर प्रोडक्ट्स से बनाएं दूरी :** मानसून के सीजन में मार्केट में मिलने वाले केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए, क्योंकि यह बालों को कमजोर बना सकते हैं।

**कंडिश नर करना न भूलें :** पुरुष बालों को हेल्दी बनाएं रखने के लिए नियमित रुप से बालों को शैंपू ही नहीं बल्कि कंडीशनिंग भी करें। इससे बालों का रूखापन दूर होता है और साथ ही साथ यह हेयर फॉल की समस्या को भी रोकता है।

